मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 221 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

25 जनवरी 2024 गुरुवार

**आज का मौसम**

23 अधिकतम

11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

# क्या चुनाव बाद गठजोड़ पर राहुल गांधी का नजरिया ज्यादा सही था?

कोई नौ महीने पहले जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर बंगाल की मुखिया ममता बनर्जी ने भाजपा की मोदी सरकार को 2024 में रोकने के लिए चुनाव पूर्व गठजोड़ की बात की थी, तब कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी ने बेहद व्यवहारिक बात कही थी कि



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

चुनाव पूर्व गठजोड़ से बेहतर यही होगा कि सब अपनी कूव्वत पर लड़ें और चुनाव बाद भाजपा को रोकने के लिए गठबंधन सरकार बने। लेकिन गठबंधन बनाने को उतावले कांग्रेस और उसके तथाकथित सहयोगी 27 दलों ने तब उनकी बात को हवा में उड़ा दिया। लेकिन अब चुनावी दहलीज पर जब ममता बनर्जी से लेकर पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस से पल्ला झाडकर साबित किया है कि चुनाव पूर्व गठजोड़ को लेकर राहुल गांधी का नजरिया ही सही था।

अब गठजोड़ के पैरोकार कांग्रेसी मुंह दिखाने के काबिल नहीं बचे है। लेकिन यह कांग्रेस को अलग-थलग छोडने् की शुरूआत भर है। बिहार में दूसरे दलों की बैसाखियों 18 साल से बिहार में टिकी पलटूराम के रूप में मशहूर नीतीश कुमार की जेडीयू भी कांग्रेस का दामन छोडने् को बेताब है। बिहार में लालू यादव की राजद कांग्रेस के साथ जरूर नरमी से पेश आ रही है लेकिन नीतीश अपने हिस्से की सीट भी देने को राजी नहीं है। भारत में देश की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के पतन का कारक और कारण भी वही क्षेत्रीय दल बने हैं जिनको गले लगाकर कांग्रेस आत्मघाती कदम उठाती रही। क्या कांग्रेस में किसी को यह नजर नहीं आया कि उसकी मदद से दिल्ली में उभरी आप के केजरीवाल भला कांग्रेस को भला क्यों उबरने देंगे? पंजाब में कांग्रेस की बर्बादी का कारण बने भगवंत मान कांग्रेस को अपने राज्य में स्पेस क्यों देंगे? कांग्रेस के बगावत करके बंगाल में आंधी बनकर उभरी तृणमूल पार्टी की ममता दीदी भला कांग्रेस और लेफ्ट को क्यों पैर जमाने देगी? केरल में काबिज लेफ्ट पार्टी का गठबंधन कांग्रेस का एलडीएफ होगा तो दूसरी विपक्षी पार्टी के बतौर उभरने का मौका भाजपा और भारत धर्मसेना के गठजोड़ का नहीं मिलेगा जिसने विधानसभा चुनाव में 12 फीसदी वोट हासिल किए थे? तब लेफ्ट गठबंधन ने 45 और कांग्रेस ने अपने सहयोगियों के साथ 40 फीसदी वोट हासिल किए थे।

यूपी में 1996 में कांग्रेस को गठजोड़ करके उसे खत्म करने वाली मायावती कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में क्यों जड़ें जमाने देंगी? अखिलेश यादव कांग्रेस को न तो उतनी सीटें देने राजी नहीं जिसकी मांग वह कर रही है और न बहुजन समाज पार्टी के साथ बुआ-बबुआ वाला गठबंधन पसंद है।

तेलंगाना में तो कांग्रेसी सरकार के खिलाफ बीआरएस प्रमुख विपक्षी दल है वह कांग्रेस के



बजाए भाजपा के साथ मिलने की कोशिश कर सकती है। लेकिन आंध्र में कांग्रेस की लानत-मलामत झेलने वाले जगन रेड्डी अपने सूबे में कांग्रेस को फिर क्यों जड़ें जमाने देगी? हां, महाराष्ट्र में कांग्रेस तोड? शरद पवार या सुप्रिया सुले की एनसीपी के पास अपनी पार्टी में टूटफूट के बाद कांग्रेस से हाथ मिलाने के सिवाए जरूर कोई विकल्प नहीं हैं। टूटीफूटी उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास भी कांग्रेस के साथ गैर नैसर्गिक बंधन बनाए रखने की मजबूरी है। इसके विपरीत मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़,गुजरात, कर्नाटक या हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्य में कांग्रेस भी दूसरे दलों को क्यों जड़ें जमाने का मौका देकर अपनी जमीन कमजोर करेगी? जबकि क्षेत्रीय दल इसकी मांग बदले में इन राज्यों में सीट शेयर की बात कर रहे हैं।

सच तो यह है कि कांग्रेस तभी फिर से मजबूत होगी जब वह कनार्टक और हिमाचल की तरह भाजपा तथा अन्य राज्यों में क्षेत्रीय दलों को कमजोर करेगी। कांग्रेस को वामपंथी पिंड को छोडकर अपने सर्वपंथी( वामपंथ,दक्षिणपंथ और मध्यमार्गी ) मूलपिंड पर लौटना होगा। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि इसके लिए राहुल गांधी,जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह, केसी वेणुगोपाल जैसे नेता राजी नहीं हैं। उन्हें जेएनयू के पार्ट टाईमर सलाहकार और कन्हैया कुमार जैसे नेता की नीति पर चलना मंजूर है। सवाल यह भी है कि कांग्रेस गठजोड़ कर भी लो तो क्या वह सहयोगी दल को ट्रांसफर करा सकेंगे? तमिलनाडू , बिहार को छोड़ किसी भी बड़े राज्य में हमने ऐसा होता नहीं देखा।

जाहिर है कि क्षेत्रीय दलों से सांप नेवले जैसी संकटकालीन संधि करके अपने राष्ट्रीय दल होने का गौरव फिर से हासिल नहीं कर सकती। कांग्रेस जिस दिन डेढ़ सौ से दो सौ सीटें पा लेगी उसी दिन सारे गैर भाजपाई विपक्षी दल खुद उसके आगे पीछे घूमने लगेंगे। लेकिन यह तभी मुमकिन है जब वह कम से कम कांग्रेस 4 सौ सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़े। लेकिन उसके सहयोगी क्षेत्रीय दल उसे तीन सौ से कम सीटें देकर अपना पिछलग्गू बनाना चाहते है। दुर्भाग्य तो यह है कि सीटों शेयरिंग का बवाल उस वक्त हो रहा है जब राहुल गांधी पूर्वोत्तर से लेकर पश्चिम भारत को सडक के जरिए नापने की मुहिम पर हैं। कोई नहीं समझना चाहता कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में मजबूत सत्ता पक्ष के साथ सशक्त विपक्ष भी जरूरी है?

### सिविल सेवा परीक्षा में 686 चयनित अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# एक्शन का हवाला देकर सीएम ने नए अफसरों को सुशासन-मंत्र पढ़ाया



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश सिविल सेवा परीक्षा 2019 एवं 2020 में चयनित 686 अधिकारियों को आज यहां सीएम मोहन यादव ने नियुक्ति पत्र दिए। इससे पहले चयनित अधिकारियों ने सीएम मोहन यादव से सवाल किए। एक सवाल के जवाब में सीएम ने सिंगरौली जिले की चितरंगी तहसील के एसडीएम पर सुबह लिए एक्शन का उदाहरण दिया। व कहा कि महिला से जूते के फीते बांधवाने वाले अफसर को हमने सस्पेंड नहीं किया यही गनीमत रही यदि वे बीमार थे तो छुट्टी ले सकते थे। इस दौरान उन्होंने नवागत अधिकारियों को गुड गवर्नेंस, सतत विकास का लक्ष्य एवं सरकार के विजन से अवगत कराया। इन चयनित अभ्यर्थियों में 187 अनारक्षित, 157 अन्य पिछड़ा वर्ग, 110 अनुसूचित जाति, 150 अनुसूचित जनजाति एवं 82 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश की विगत 20 वर्षों की प्रगति यात्रा एवं प्रमुख सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**इन विभागों में होंगे पदस्थः** नवनियुक्त अधिकारी वाणिज्यिक कर, पंजीयन, आबकारी, वित्त, कार्मिक, राजस्व, स्कूल शिक्षा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, गृह, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम, जनसंपर्क, जनजातीय कार्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति , सहकारिता और जेल विभाग में पदस्थ होंगे।

### नए अफसर सुशासन का पाथेयः यादव

मुख्यमंत्री ने नवागत अफसरों से कहा कि यह नियुक्ति पत्र ही नहीं बल्कि विश्वासपत्र भी है। अब अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना, सब स्वस्थ हों और सुखी हों यह प्रयास करना आपका दायित्व है। नये अफसर समन्वय के साथ काम करते हुए विभागों को सभी क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर लाने के लिए समन्वित रूप से प्रयास करें । रविंद्र भवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी वर्षों की तपस्या और परिवारों की आशा, आकांक्षा, अपेक्षा के बलबूते पर राज्य सेवा के लिए चयनित हुए हैं । यह सुखद संयोग है कि हाल ही में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, यह देश में सुशासन की प्राण प्रतिष्ठा है, हम राम राज्य की ओर अग्रसर हैं। आप सुशासन का पाथेय बन रहे हैं।

### बिना थके 18 घंटे दर्शन देते रहे बालक राम

# राम मंदिरः दान भी दिल खोलकर!

**अयोध्या , एजेंसी।**

राम मंदिर आमजन के लिये खुलने के बाद से यहां दर्शनाथियों का तांता है। दूसरे दिन करीब ढाई लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़े। प्रशासन ने व्यवस्था बनाने में जीजान लगा रखी है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बहुउपयोगी तीर्थयात्री सुविधा केंद्र को शुरू करा दिया गया है। वहीं प्राणप्रतिष्ठा होते ही पांच वर्ष के बालक राम करोड़पति हो गए। देश-दुनिया के भक्तों ने नव्य मंदिर में आराध्य के विराजमान होने की खुशी में 3.17 करोड़ रुपये की निधि समर्पित की। वैसे तो रामलला को हजारों करोड़ का दान और चढ़ावा मिला है।



वहीं दर्शनार्थियों की भीड के चलते ठिठुरती ठंड में पांच वर्ष के ‘बालक राम’ अनवरत 18 घंटे बिना विश्राम भक्तों को दर्शन देते रहे। अपने नव्य मंदिर में विराजने के तीसरे दिन सबके आराध्य तड़के चार बजे निद्रा से जागे तो फिर रात 10 बजे के बाद ही शयन के लिए प्रस्थान किया। आरती व भोग के दौरान भी नृत्य, रंग और गूढ़ मंडप में मौजूद दर्शनार्थियों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा।

## महिला से जूते के फीते बंधवाने वाले एसडीएम को हटाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दो दिन पहले ही बांधवगढ़ एसडीएम की गाड़ी को ओवरटेक करने पर युवकों की पिटाई का मामला ठंडा भी नहीं कि एक और एसडीएम असवान राम चिरावन फंस गये हैं। सिंगरौली के चितरंगी तहसील अंतर्गत में पदस्थ एसडीएम चितरंगी की महिला कर्मचारी से खुद के पैर में जूता पहनवाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल होन के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर एसडीएम को हटाने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा है कि नारी सम्मान सर्वोपरि है। तस्वीर वायरल होने से स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हालांकि यह घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। बवाल मचने के बाद एसडीएम ने महिला को माता तुल्य बताया था।वह कार्यालय में लिपिक बताई जाती हैं।

## हवामहल में मोदी पियेंगे मैक्रो के साथ चाय

**जयपुर, एजेंसी।**

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को आमंत्रित किया गया है। मैक्रों पेरिस से सीधा जयपुर पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका स्वागत करेंगे। दोनों नेता जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मोदी और मैक्रों एक रोड शो में हिस्सा लेंगे। फिर रात में दिल्ली लौट आएंगे। शुक्रवार सुबह दोनों नेता गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेंगे। बताया जाता है कि दोनों नेता जयपुर के हवामहल चाय के दौरान मिलेंगौ।

## पंजाबी सिंगर का कनाडा में कार एक्सीडेंट

**चंडीगढ एजेंसी।** पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री में मशहूर पंजाबी सिंगर और एक्टर सिप्पी गिल का गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया है। सिंगर के साथ कनाडा में ये हादसा हुआ। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में उनकी गाड़ी ‘रूबिकॉन’ पलट गई। सिप्पी ने इसका वीडियो खुद शेयर किया है। सिप्पी ने कहा- हम सभी नेचर का मजा लूटने के लिए अपने दोस्तों के साथ ब्रिटिश कोलंबिया कनाडा गए थे। इसी बीच मेरे दोस्तों ने मेरे साथ रूम में रुकने का फैसला लिया. मैं अकेले ही ऑफ-रोडिंग करने इस बीच निकल पड़ा। जब रूबिकॉन कार से जा रहा था तो गाड़ी पलट गई। मुझे चोटें आई हैं पर गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। वहां से गुजर रहे एक अंग्रेज ने मेरी मदद की और गाड़ी निकालने में मदद की।

**मेट्रो एंकर**

### शादी बचाने में जुटे काउंसलर, भोपाल का मामला...

# गोवा नहीं अयोध्या...पत्नी ने मांगा तलाक!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी भोपाल से एक अजब मामला सामने आया है। यहां एक पत्नी ने अपने पति से तलाक के लिए आवेदन दिया है क्योंकि पत्नी को गोवा ले जाने का वादा कर पति उसे अयोध्या ले गया। इसके चलते महिला ने कुटुंब न्यायालय में तलाक का आवेदन दिया. फिलहाल पति-पत्नी दोनों की काउंसलिंग की जा रही है ताकि रिश्ता टूटने से बचाया जा सके।

बताया जाता है कि यह मामला भोपाल के पिपलानी इलाके का है। रिलेशनशिप काउंसलर शैल अवस्थी के मुताबिक, दोनों की शादी पिछले साल अगस्त में हुई थी। पति आईटी इंजीनियर है और सैलरी भी काफी अच्छी है शादी के बाद पति-पत्नी के बीच हनीमून पर जाने की बात हो रही थी तो पत्नी ने किसी विदेशी पर्यटन स्थल पर जाने की बात की तब पति ने बुजुर्ग माता-पिता का हवाला देते हुए भारत में ही किसी पर्यटन स्थल पर चलने की बात कही तो दोनों के बीच गोवा चलने पर सहमति बन गई. पत्नी का आरोप है कि इसके बावजूद जब घूमने जाना था तो उसके एक दिन पहले ही पति ने बताया कि वो लोग धार्मिक स्थल अयोध्या और बनारस जा रहे हैं, क्योंकि मां को मंदिर दर्शन करने हैं।

पत्नी अपने परिवार के साथ ट्रिप पर तो चली गई, लेकिन वहां से वापस आने के बाद दोनों में इसी बात को लेकर खूब झगड़ा हुआ और पत्नी ने कुटुंब न्यायालय में तलाक का आवेदन दे दिया।

**शादी की शुरुआत से ही नजरअंदाज...**



**रिलेशनशिप काउंसलर शैल अवस्थी के मुताबिक, पत्नी ने इसे धोखा बताते हुए भरोसा तोड़ना बताया और आरोप लगाया कि पति उससे ज्यादा घरवालों को समय देता है, जिससे उसे शादी की शुरुआत से ही नजरअंदाज होना महसूस हो रहा है. फिलहाल पति और पत्नी दोनों की काउंसलिंग की जा रही है ताकि रिश्ते को बचाया जा सके।**

## मैरी कॉम बोलीं- मैंने अभी सन्यास नहीं लिया

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत की महान मुक्केबाज मैरी कॉम ने अपने संन्यास की खबरों को गलत बताया है। पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह बताया गया था कि इस ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज ने संन्यास ले लिया है। इसको लेकर सब हैरान थे, लेकिन अब मैरी कॉम ने कहा है कि उनके संन्यास वाले बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने अभी संन्यास नहीं लिया है। जब भी वह संन्यास लेंगी तो खुद मीडिया के सामने आएंगी। दरअसल, मैरी कॉम ने कल कहा था कि कैसे आयु सीमा उन्हें अधिकांश टूर्नामेंट में भाग लेने से रोकती है और करियर लगभग समाप्त हो चुका है। हालांकि, अब एक इंटरव्यू में मैरी कॉम ने पुष्टि की कि वह अभी तक रिटायर नहीं हुई हैं, लेकिन इसको लेकर योजना जरूर बना रही हैं।



# मामा का घर में सियासी विवाद के नए एंगल जुड़े

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सीएम डॉ मोहन यादव से जिस बंगले की मांग की है, वह सरकार के लिये दुविधा बन गया है।सिंघार ने बकायदा पत्र लिख कर कहा है कि उन्हें 74 बंगला आवास क्षेत्र का बी-9 बंगला आवंटित किया जाए। क्योंकि बंगले से उनकी बुआ व डिप्टी सीएम रहीं जमुना देवी की यादें जुड़ी हैं।

उल्लेखनीय है कि इस आवास के समीप वाले बी 8 में अभी पूर्व सीएम शिवराज सिंह रह रहे हैं और आरोप हैं कि दोनों बंगले को एक परिसर में तब्दील कर दिया गया है। यानि बताते हैं कि दोनों का उपयोग शिवराज ही कर रहे हैं। हालांकि तकनीकी रूप से इसका आवंटन अलग बताया जाता है। चुनाव नतीजे आने के बाद से कांग्रेस इस बंगले पुराण पर निशाना साध रही है। अब सिंघार ने नया एंगल जोड़ दिया है।




## नेम प्लेट बदलें

वहीं कांग्रेस महासचिव रवि सक्सेना ने तो मांग कर दी है कि अब इस बंगले पर 'मामी के नाम की तख्ती' लगाई जाए। दरअसल शिवराज ने बंगले के बाहर मामा का घर' नाम से तख्ती लगा रखी है। सक्सेना का कहना है कि यह बंगला साधना सिंह को आवंटित करने की जानकारी सामने आई है,लिहाजा तख्ती में भी परिवर्तन होकर नयी नेम प्लेट लगना चाहिये। उल्लेखनीय है बी 9 स्व जमुना देवी को नेता प्रतिपक्ष होने के नाते वर्षों आवंटित रहा।

# बहू की पिटाई से आहत बुजुर्ग ने की खुदकुशी, आयोग ने मांगा जवाब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र में बहू की पिटाई से आहत बुजुर्ग द्वारा खुदकुशी करने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश देने के साथ ही आयोग ने की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शाजहांनाबाद इलाके में एक 55 वर्षीय परवेज उल्ला की जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार परवेज के भाई तवरेज की पत्नी परवेज को प्रताड़ित करती थी, जहर खाने के दिन भी उसके साथ बहू ने मारपीट की थी।

## इन मामलों में भी जांच के निर्देश

आयोग ने भोपाल जिले के ऐशबाग थानाक्षेत्र स्थित रायसेन रोड़ अप्सरा कांप्लेक्स के पास दो युवकों पर बदमाशों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला करने क मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है। इसके साथ ही उज्जैन जिले के चिमनगंज थाना क्षेत्र की छोटी मायापुरी बस्ती में आधा दर्जन बदमाशों द्वारा एक युवक की हत्या करने की घटना पर आयोग ने पुलिस अधीक्षक, उज्जैन से घटना की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

### एजुकेशन पोर्टल पर अब भी परमार स्कूल शिक्षा मंत्री, नए मंत्री का नाम ही नहीं

# कैसे होंगे सरकारी स्कूल डिजिटल, विभाग पोर्टल तक नहीं कर पा रहा अपडेट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों को डिजिटल करने का दावा करने वाला स्कूल शिक्षा विभाग अपना एजुकेशन पोर्टल तक अपडेट नहीं कर पा रहा है। हालात यह है कि स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को विभाग मिले करीब आधा महीना बीत चुका है।

1 जनवरी को उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया था, लेकिन इतने समय के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग एजुकेशन पोर्टल पर उनकी जानकारी अपलोड नहीं कर सका है। विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर अभी भी स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार बताए जा रहे हैं, जबकि वर्तमान में वह उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री हैं।



## पोर्टल नहीं अपडेट, अधूरे आदेश होते हैं अपलोड

उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल के अपडेट नहीं होने और आदेश अपलोड नहीं होने का मुददा पहले भी कई बार उठ चुका है, लेकिन विभागीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ विभागीय जानकारों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि इस पोर्टल को संचालित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी टीम तैनात कर रखी है। इस पर बकायदा खर्च भी बहुत होता है, लेकिन काम के मामले में यह फिसड्डी साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि पोर्टल पर न तो समय पर आदेश अपलोड होते हैं और न ही अन्य जानकारी उपलब्ध हो पा रही है। यहां तक कि जरूरी आदेश भी इस पर अपलोड नजर नहीं आते हैं।

## अभिभावक-शिक्षक होते हैं परेशान, अधिकारी व्हाट्सएप के भरोसे

विभागीय जानकारों के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग की जानकारी, आदेशों के आदान-प्रदान और पारदर्शी व्यवस्था के लिए एजुकेशन पोर्टल तैयार किया गया था, लेकिन यह उद्देश्य पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। अधिकतर विभागीय अधिकारी व्हाट्सएप के भरोसे काम कर रहे हैं और आदेश भी उसी पर भेजे जा रहे हैं। ऐसे में एजुकेशन पोर्टल पर शिक्षकों, अभिभावकों की सुविधा के लिहाज से जो जरूरी आदेश तत्काल अपलोड होना चाहिए वह नहीं हो रहे हैं, जो आदेश अपलोड होते हैं वह भी आधे-अधूरे होते हैं। ऐसे में अभिभावक-शिक्षक परेशान होते रहते हैं। कई बार पोर्टल पर ठप्प ही हो जाता है, जिसे सुधरने मे कई दिन लगते हैं।

## नरोत्तम निवास पर 'राम'



**भोपाल।** लोकप्रिय टीवी धारावाहिक रामायण के राम याने अरुण गोविल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के निवास पर पहुँच कर सौजन्य भेट की। मिश्रा ने गोविल का आत्मीय स्वागत, अभिनन्दन किया। एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने आए अरुण गोविल राजधानी पहुचते ही मिश्रा के निवास पर पँहुचे। डॉ मिश्रा ने गोविल को तिलक लगाकर व शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# ओपन बोर्ड ने जारी किए 37,982 विद्यार्थियों के रिजल्ट

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के की रूक जाना नहीं योजना, आ लौट चलें, आईटीआई समकक्षता, सीबीएसई ऑन डिमांड और मदरसा बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। इन परीक्षाओं में 85 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें सबसे ज्यादा छात्रों की संख्या 72 हजार 686 रुक जाना नहीं योजना के थे। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 में 12 हजार 333, कक्षा 12 में 25 हजार 649 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। अधिकांश विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की पढ़ाई को जारी रखने के लिये


फाइल फोटो

रूक जाना नहीं योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों का वर्ष खराब नहीं हों इसे ध्यान में रखते हुए इस योजना के माध्यम से परीक्षा देने के अवसर उपलब्ध कराये जाते है।

## श्रीराम कथा का विराम चेतन्य स्वरूप की विदाई

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संगीत में चल रही कैलाश नगर शिव मंदिर पार्क कथा व्यास उज्जैन महाकाल से आए चेतन्य स्वरूप महाराज को सम्मान के साथ विदाई दी गई। आयोजन समिति के प्रवक्ता पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि अयोध्या राम जी की प्राण प्रतिष्ठा उपलक्ष में कैलाश नगर संगीत में राम कथा का आयोजन बड़े धूमधाम से विश्राम किया गया कथा के विश्राम दिवस पर चैतन्य स्वरूप महाराज रामराज की कथा का वर्णन किया कथा के उपरांत हवन पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया गंगा श्री फाउंडेशन एवं उनके समस्त पदाधिकारी का भी धर्म के आयोजन करवाने के लिए सम्मानित किया गया कथा में अनेक श्रद्धालु लोग सम्मिलित हुए।

### साधु वासवानी कॉलेज में प्रतियोगिताएं हुईं

# श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हुए कई आयोजन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के सिंह की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय परिसर में वृहत साफ- सफाई की गई। भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार अनम, द्वितीय अमन अहिरवार ने प्राप्त किया। राम - राज्य की अवधारणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी वाल्मीकी, द्वितीय पुरस्कार, मोनिका सेन ने प्राप्त किया। सामाजिक समरसता के विरोध भगवान श्री राम विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निकिता सांवले, द्वितीय पुरस्कार नेहा यादव प्राप्त किया विद्यार्थियों ने



महाविद्यालय में हनुमान चालीसा ,सुंदरकांड, राम कीर्तन भजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की । कार्यक्रम में डॉ सुप्रिया दास डॉ रेनू रावत डॉ रश्मि सिलारपुरिया एवं महाविद्यालय के समस्तपरिवार का सहयोग रहा।

## रामलाल उत्सव में नृत्य करने वाले बच्चे पुरस्कृत बच्चो को पुरस्कृत

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बी वार्ड मोहल्ला समिति द्वारा अयोध्या श्रीरामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में नृत्य करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। बच्चों ने 'राम आएंगे, राम आएंगे', 'केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम' गानों पर नृत्य किया था। इस अवसर पर संतोष तोमर, कमलेश देवानी, जीतू शिवनानी, लखन शिवनानी, रमेश तोलानी, पारस जैन, शिवम तोमर, गुरदास रामचंदानी उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा आईईएचई में पौधारोपण



**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, में सत्र 2024-25 की ऑनलाईन प्रक्रिया हेतु एक बैठक के लिये पहुंचे मंत्री इन्दर सिंह परमार ने संस्थान में संचालित 'हरित वसुंधरा' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया। अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता, डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल, जीआर गांगले, अनिल कुमार पाठक, मनोज अग्निहोत्री, अनित राय आदि मौजूद थे।

# 1100 श्रद्धालुओं ने की श्रीराम मंदिर प्रतिकृति की महाआरती



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भोपाल में विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा अपने कार्यालय युवा सदन के सामने निर्मित श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के सामने निरंतर आयोजन चल रहे हैं। बुधवार की शाम श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष भोपाल की प्रतिष्ठित संस्था कर्मश्री के तत्वावधान में 1100 श्रद्धालुओं ने एकत्र होकर दीपोत्सव मनाया।

कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में संस्था के 1100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिकृति के समक्ष दीप जलाकर सामूहिक रूप से महाआरती की। महाआरती के आयोजन में सभी ने मंदिर में प्रतिष्ठित श्रीराम जी की आरती उतारकर सर्व मंगल की कामना की। आरती उपरांत आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से कर्मश्री संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रामजी ने ही ईश्वरीय कार्य कराया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प ने हमारी पीढ़ी को सौभाग्य दिया है कि हम जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर का निर्माण और उसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होते हुए देख पाएं। श्रीराम जी ने स्वयं प्रधानमंत्री मोदीजी को इस ईश्वरीय कार्य का निमित्त बनाया है। यह युगों युगों तक याद रखा जाएगा। यह विचार कर्मश्री अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने कहा कि इस दौरान जो अयोध्या में मौजूद रहे या जो घर में रहकर भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से आयोजन से जुड़े रहे वे सभी सौभाग्यशाली हैं।

**मेट्रो एंकर**

### संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के लिए विशेष सत्र

# समस्या से पहले समाधान आता है - सिद्धभाऊजी

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में सिद्धभाऊजी का विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें नवागत छात्राओं को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर अपना सर्वांगीण विकास के लिए भाऊजी ने टिप्स दिए।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो इस संस्था से जुड़े हैं। हम छात्राओं के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान कर रहे हैं। देने का सुख पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी में दायित्वबोध होना आवश्यक है। सकारात्मक और नकारात्मक के अंतर को समझें।

भाऊजी ने कहा कि आज बिटियाएं हर क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर हैं। आप सबमें सहनशीलता का गुण अधिक होता है। प्राकृतिक चिकित्सा में अंकुरित भोजन का बहुत महत्व है। उन्होंने छात्राओं को अंकुरित



भोजन बनाने के लिए अंकुरण की सही विधि भी बतायी। ईश्वर, माता-पिता के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। वह हमारे परम हितैषी होते हैं, उनका हमें प्यार से या डाटकर समझाना गलत नहीं है। तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त न करें। मित्र वह अच्छा होता है जो स्वयं सफल होकर आपको भी सफलता के मार्ग पर आगे ले जाए। उन्होंने चेतन और अवचेतन मन पर बात की। उन्होंने कहा कि शिक्षित बिटिया का परिवार एवं समाज में सदैव सम्मान होता है। अवसाद प्रबंधन पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आवेश व क्रोध में आकर कोई भी गलत कदम न उठायें। समस्या से पूर्व समाधान आता है। मनुष्य जीवन सर्वश्रेष्ठ योनि है, इसमें निज स्वरूप की अनुभूति कर सकते हैं। अपने आराध्य से समस्या के समाधान की प्रार्थना करें। भाऊजी द्वारा समस्त छात्राओं को आशीर्वाद स्वरूप ज्ञानवर्धक पुस्तकें एवं पेन प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती विभा खरे द्वारा किया गया।

## साधु वासवानी में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम दौर में

**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल में गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। विद्यार्थी रिहर्सल कर रहे हैं। विद्यालय की पीआरओ दीपा आहूजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा झण्डा लहराया जाएगा एवं राष्ट्रगीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 8 बजे भव्य रैली निकाली जाएगी। जिसमें विद्यार्थी बेनर रंग-बिरंगी टोपियाँ पहने हाथों में तिरंगे झण्डे लेकर रैली के लिए प्रस्थान करेंगें। बैंड व बाजों के साथ 'जय जवान, जय किसान' 'भारत माता की जय आदि नारों की तख्तियाँ हाथों में लिए रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई स्कूल परिसर में समाप्त होगी। इस अवसर पर आकर्षक पी.टी. एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। झण्डे को सलामी देते हुए राष्ट्र-गीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात देश-भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। एवं विद्यार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार विमर्श किया जाएगा। व अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण किया जाएगा।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# अमृत काल में सुशासन

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

मध्यप्रदेश सिविल सेवा परीक्षा 2019 एवं 2020 में नवचयनित 559 अधिकारियों को

## नियुक्ति पत्र वितरण

एवं

## संवाद कार्यक्रम

25 जनवरी, 2024 - पूर्वाह्न 11:00 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल

"आप सभी की सफलता मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। यह सफलता आपके ज्ञान, प्रतिभा, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति आपके संकल्प का सुखद परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप आगे भी अपनी सेवाओं के माध्यम से देश और समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान देंगे। बधाइयाँ !"

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11179/23

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## सुविचार

''जीवन में प्रयास सदैव कीजिए,
लक्ष्य मिले या अनुभव दोनो ही अमूल्य हैं ।''

– अज्ञात

## संपादकीय

# तनाव और छात्र

*भारत से लगातार तनातनी के संबंधों के बीच कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने अब विदेशी स्टूडेंट्स को दिए जाने वाले वीजा में कटौती करने का जो फैसला किया है, वह भारतीय युवाओं को खास तौर पर प्रभावित करने वाला है। हालांकि इसके पीछे घरेलू वजहें हैं और यह कदम भी फिलहाल दो वर्षों के ही लिए उठाया गया है। लेकिन कुछ परिस्थितयां ऐसी हैं कि कई अर्ध बन सकते हैं। कनाडा सरकार कह रही है कि 2025 में इस पर पुनर्विचार करेगी। कहा गया है कि कनाडा पिछले कुछ समय से जबर्दस्त आवास संकट से जूझ रहा है। वहां कई वजहों से घरों के निर्माण की गति सुस्त पड़ी, जिससे मांग के मुताबिक घरों की उपलब्धता कम पड़ गई। सस्ता आवास उपलब्ध कराने में नाकामी वहां एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जो प्रधानमंत्री ट्रूडो की लोकप्रियता में गिरावट का कारण बन रहा है। विपक्षी दलों ने भी इसे मुद्दा बना लिया, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता गया। इस संकट से जुड़ा एक पहलू वहां की इमिग्रेशन पॉलिसी है। कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों के आने से डिमांड और सप्लाई का अनुपात गड़बड़ा रहा है। इन छात्रों की वजह से आवास की मांग बढ़ रही है और इसकी कीमतों के और चढ़ने के हालात बन रहे हैं। हालांकि कनाडा की इकॉनमी के लिहाज से भी ये अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स खासे अहम माने जाते रहे हैं। भारत-कनाडा के बीच रिश्ते भी फिलहाल अच्छे दौर से नहीं गुजर रहे। ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप सार्वजनिक रूप से भारत पर लगाए जाने के बाद रिश्ते स्वाभाविक ही खासे तनावपूर्ण हो गए। कनाडा अभी तक उन आरोपों के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पाया है। दूसरी तरफ भारत की पहले से यह शिकायत रही है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक तत्वों को भारत विरोधी गतिविधियों की पूरी छूट मिली हुई है। दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध व संपर्क काफी पहले से और बेहद मजबूत रहा है। हालांकि माना जाता है कि हालिया कूटनीतिक स्तर पर आए तनाव का उस पर तत्काल कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वहां जाने वाले इंटरनैशनल स्टूडेंट्स में सबसे बड़ा हिस्सा भारतीय छात्रों का है। 2022 के आंकड़े देखें तो वहां के विदेशी छात्रों में भारतीयों का अनुपात 41 फीसदी था। ताजा अनुमानों के मुताबिक, 2023 में भी 3लाख भारतीय छात्र कनाडा गए थे। जाहिर है, कनाडा में पढ़ाई करके करियर बनाने का सपना देख रहे भारतीय युवाओं के लिए यह कोई अच्छी खबर नहीं है। बावजूद उम्मीद की जा सकती है कि जल्द सब ठीक होगा। वैसे देखा जाए तो सरकारों के बीच रिश्तों के मुकाबले दो देशों व नागरिकों के बीच का रिश्ता ज्यादा स्थिर और ज्यादा दीर्घकालिक होता है। तात्कालिक संकट दोनों देशों में आपसी रिश्तों की गहराई का अहसास कराते हुए इन्हें जल्द सब ठीक होने की भावना को मजबूत रखेगा तो जल्द ठीक भी होगा। भारत के हजारों छात्र हर वर्ष दूसरे देशों में अध्ययन के लिये जाते रहे हैं। यूक्रेन से युध्द के बाद भी भारतीय छात्रों को भारी परेशानी व नुकसान उठाने पड़े हैं।*

# जनता के दर्द और प्रगति के पथ प्रदर्शक हैं लोक नायक कर्पूरी ठाकुर

**आलोक मेहता**



सहज, सरल, मृदुभाषी, ईमानदारी की प्रतिमूर्ति, गरीबों तथा वंचितों की सशक्त आवाज एवं कुशल राजनीतिज्ञ रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर । मंडल कमीशन लागू होने से पहले कर्पूरी ठाकुर बिहार की राजनीति में वहां तक पहुंचे जहां उनके जैसी पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति के लिए पहुँचना लगभग असंभव ही था । वे बिहार ही नहीं देश की राजनीति में गरीबों के शीर्ष नेता और प्रेरक रहे । पिछले पचास वर्षों में मुझे पत्रकार के रूप में अनेक प्रादेशिक और राष्ट्रीय नेताओं , मुख्यमंत्रियों ,प्रधान मंत्रियों से मिलने के अवसर मिले हैं , लेकिन कर्पूरी ठाकुर की तरह गांधीवादी सरल स्वाभाव और ईमानदार शीर्ष नेता देखने को नहीं मिला । बिहार के नेताओं में भी राज्यपाल रहे सत्यनारायण सिन्हा , भीष्म नारायण सिंह या ललित नारायण मिश्र , जगन्नाथ मिश्र , भागवत झा आज़ाद , केदार पांडे जैसे नेताओं से दिल्ली या पटना में भेंट होती रही , लेकिन 19।। में मुख्यमंत्री के रुप में अथवा बाद में भी प्रतिपक्ष के नेता के रुप में कर्पूरीजी से मिलकर गरीबी , पिछड़ेपन , शिक्षा , हिंदी भाषा , साहित्य ,संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर लम्बी बातचीत कर बहुत अच्छा लगता था । सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि अपने से भिन्न विचार वाले अथवा विरोधियों के प्रति उनकी निजी नफरत कभी देखने सुनने को नहीं मिली । कांग्रेस अथवा तत्कालीन जनसंघ से गंभीर विरोध और टकराव के बावजूद उन पार्टियों के नेताओं से अच्छे सम्बन्ध रखने का असाधारण व्यवहार देखने को मिलता था । वर्तमान दौर में कर्पूरीजी के आदर्श अधिक लाभदायक हो सकते हैं । शताब्दी वर्ष में उनके पुण्य स्मरण को आदर्शों के पालन के संकल्प से लिया जाना चाहिए ।



जननायक कर्पूरी ठाकुर भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक राजनीतिज्ञ थे । कर्पूरी सरल हृदय के राजनेता माने जाते थे और सामाजिक रूप से पिछड़ी जाति से जुड़े थे, लेकिन उन्होंने राजनीति को जनसेवा की भावना के साथ जिया था. उनकी सेवा भावना के कारण ही उन्हें जननायक कहा जाता है । कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे । 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे ।अपने दो कार्यकाल में कुल मिलाकर ढाई साल के मुख्यमंत्रीत्व काल में उन्होंने जिस तरह की छाप बिहार के समाज पर छोड़ी है, वैसा दूसरा उदाहरण नहीं दिखता. ख़ास बात ये भी है कि वे बिहार के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे ।196। में पहली बार उपमुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म किया. इसके चलते उनकी आलोचना भी खूब हुई लेकिन हक़ीक़त ये है कि उन्होंने शिक्षा को आम लोगों तक पहुंचाया. इस दौर में अंग्रेजी में फेल मैट्रिक पास लोगों का मज़ाक %कर्पूरी डिविजन से पास हुए हैं% कह कर उड़ाया जाता रहा ।इसी दौरान उन्हें शिक्षा मंत्री का पद भी मिला हुआ था और उनकी कोशिशों के चलते ही मिशनरी स्कूलों ने हिंदी में पढ़ाना शुरू किया और आर्थिक तौर पर ग़रीब बच्चों की स्कूल फी को माफ़ करने का काम भी उन्होंने किया था. वो देश के पहले मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने अपने राज्य में मैट्रिक तक मुफ्त पढ़ाई की घोषणा की थी. उन्होंने राज्य में उर्दू को दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा देने का काम किया।19।1 में मुख्यमंत्री बनने के बाद किसानों को बड़ी राहत देते हुए उन्होंने गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बंद कर दिया । बिहार के तब के मुख्यमंत्री सचिवालय की इमारत की लिफ्ट चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के लिए उपलब्ध नहीं थी, मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने चर्तुथवर्गीय कर्मचारी लिफ्ट का इस्तेमाल कर पाएं, ये सुनिश्चित किया उस दौर में समाज में उन्हें कहीं अंतरजातीय विवाह की ख़बर मिलती तो उसमें वो पहुंच जाते थे । समाज में एक तरह का बदलाव चाहते थे ।

बिहार में जो आज दबे पिछड़ों को सत्ता में हिस्सेदारी मिली हुई है, उसकी भूमिका कर्पूरी ठाकुर ने बनाई थी । 19।। में मुख्यमंत्री बनने के बाद मुंगेरीलाल कमीशन लागू करके राज्य की नौकरियों आरक्षण लागू करने के चलते वो हमेशा के लिए सर्वणों के दुश्मन बन गए, लेकिन कर्पूरी ठाकुर समाज के दबे पिछड़ों के हितों के लिए काम करते रहे । यही नहीं आर्थिक रुप से कमजोर ऊँची जाति के लोगों के लिए और महिलाओं के आरक्षण की पहल उन्होंने की । मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य के सभी विभागों में हिंदी में काम करने को अनिवार्य बना दिया था । इतना ही नहीं उन्होंने राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान वेतन आयोग को राज्य में भी लागू करने का काम सबसे पहले किया था ।युवाओं को रोजगार देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इतनी थी कि एक कैंप आयोजित कर 9000 से ज़्यादा इंजीनियरों और डॉक्टरों को एक साथ नौकरी दे दी । शिक्षा व्यवस्था को आम लोगों के बीच पहुंचाने के लिए माध्यमिक शिक्षा को पूर्ण रूप से फ्री कर हर तबके के लोगों के लिए शिक्षा का द्वार खोला। भूमि सुधार जैसे कार्यक्रम एवं मुंगेरी लाल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कर पिछड़े एवं अति पिछड़ों वर्गों को सरकारी सेवा में आरक्षण की व्यवस्था लागू करवाया। सामंती अत्याचार से लड़ने के लिए दलितों के हाथों में भी हथियार का लाइसेंस देने की मांग उठायी थी। वर्षों से चली आ रही वर्ण व्यवस्था एवं जाति प्रथा को समूल नाश के लिए जीवन पर्यंत लड़ाई लड़ते रहे।

कर्पूरी ठाकुर बहुमुखी प्रतिभा के धनी नेता थे। वे जितना राजनीति और समाजवादी विचारधारा में पैठे थे, उतना ही साहित्य, कला और संस्कृति में। हर सफ़र में अक्सर किताबों से भरा बस्ता उनके साथ होता था।दिन रात राजनीति में ग़रीब गुरबों की आवाज़ को बुलंद रखने की कोशिशों में जुटे कर्पूरी की साहित्य, कला एवं संस्कृति में काफी दिलचस्पी थी. 1980-81 की बात होगी, पटना में पुस्तकों की एक दुकान पर एक लेखक ने उन्हें हिस्ट्री ऑफ़ धर्मशास्त्र ख़रीदते खुद देखा । छह खंड वाली किताब उस वक्त तीन-साढ़े तीन हज़ार रुपये की थी ।वे पढ़ने का समय निकाल ही लेते थे । उनका अपना प्रशिक्षण समाजवादी विचारधारा में हुआ था।लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, नागरिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार जैसे मूलभूत आधुनिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता थी। सादगी और अपने पद का अपने परिवार और मित्रों के लिए किंचित भी फायदा नहीं उठाने की उनकी खूबी उनके स्वाभिमानी व्यक्तित्व के अलावा गांधीवादी-समाजवादी धारा से भी जुड़ी थी। उनकी 'छोटी' जाति सहित बहुत-सी बाधाएं उनके रास्ते में आती रहीं, लेकिन उन्होंने अपने राजनीतिक संघर्ष और विचारधारात्मक प्रतिबद्धता से उन बाधाओं का मुकाबला किया। कभी सांप्रदायिक जातिवाद और जातिवादी अस्मितावाद का सहारा नहीं लिया। लिहाजा, वे किसी जाति-विशेष के नेता नहीं, 'जननायक' के रूप में प्रतिष्ठित हुए।

स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान खुद कर्पूरी ठाकुर ने 'हम सोए वतन को जगाने चले हैं' शीर्षक कविता बनाई थी-÷हम सोए वतन को जगाने चले हैं/ हम मुर्दा दिलों को जिलाने चले हैं।/ गरीबों को रोटी न देती हुकूमत,/ जालिमों से लोहा बजाने चले है।/ हमें और ज्यादा न छेड़ो, ए जालिम !/ मिटा देंगे जुल्म के ये सारे नज़ारे।/ या मिटने को खुद हम दीवाने चले हैं/ हम सोए वतन को जगाने चले हैं।'' यह कविता एक समय समाजवादी आंदोलन के संघर्ष में 'प्रभात फेरी' का गीत बन गई थी। यह कविता भी बताती है कि कर्पूरी ठाकुर वंचित-शोषित समूहों के नेता थे।

# राममय भारत को आकार देने के संकल्पों का गणतंत्र

**ललित गर्ग**

गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इसी दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारी संसद ने भारतीय संविधान को पास किया। इस दिन भारत ने खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। भारतीय संविधान के अग्रिम पृष्ठ पर प्रभु श्रीराम विराजित है, लेकिन पूर्व सरकारों ने श्रीराम के गणतांत्रिक गौरव को न अपनाने के कारण चौहत्तर वर्षों में हमारा गणतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा रहा। लेकिन इस वर्ष प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा हो जाने से इस राष्ट्रीय पर्व का महत्व बहुगुणित हो गया है और हमें अब वास्तविक रूप में संप्रभुता का अहसास होने लगा है। भारतीय इतिहास का यह नया प्रस्थान बिंदु है जहां से भारत राममय होने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारतीय मानस, मनीषा और जनजीवन के पांच सौ वर्ष पुराने संघर्ष-गाथा का अन्तिम अध्याय लिखते हुए अब भारत रामराज्य के वास्तविक स्वरूप में प्रवेश कर रहा है, जहां सुख सम्पदा बड़ी मात्रा में होगी, प्रेम और खुशी का वातावरण होगा, आदर्श राज्य की कल्पना आकार लेगी। अयोध्या में लिखा गया नया इतिहास एवं अमिट आलेख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक सन्देश है, एक उर्वर धरातल है, स्वयं के द्वारा दुनिया को प्रेरणा देने का अवसर है। दुनिया में आदर्श शासन प्रणाली में राम राज्य ही शांति, सह-जीवन, सह-अस्तित्व एवं वसुधैव कुटुम्बकम के मंत्र को आकार देने का मार्ग है। वर्तमान दुनिया को इसी राम राज्य की आवश्यकता है। श्रीराम मंदिर का निर्माण इस लिहाज से भारत ही नहीं सम्पूर्ण दुनिया में नवीन आदर्श जीवन मूल्यों एवं लोकतांत्रिक आदर्शों की स्थापना का शुभ अवसर है।

गणतंत्र कोरा राष्ट्रीयता का ही नहीं, आस्था एवं संकल्पों का पर्व है, इस पर्व का जश्न

फासामने हैं, राजपथ पर निकलने वाली झांकियों में श्रीराम की प्रभावी एवं प्रेरक प्रस्तुति होगी। जिसमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए कुछ कर गुजरने की तमन्ना भी झलकेगी तो अब तक कुछ न कर पाने की बेचैनी भी दिखाई देगी। जहां हमारी जागती आंखो से देखे गये स्वप्नों को आकार देने का विश्वास है तो जीवन मूल्यों को सुरक्षित करने एवं नया भारत निर्मित करने की तीव्र तैयारी है। अब हमारी स्व-चेतना, राष्ट्रीयता एवं स्व-पहचान का अहसास होने लगा है। जिसमें आकार लेते वैयक्तिक, सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक अर्थ की सुनहरी छटाएं हैं। अब बहुत कुछ बदलने जा रहा है। पांच सौ साल पहले जब बाबर की बर्बर सेनाओं ने रामलला के मन्दिर को ध्वस्त करने का अभियान छेड़ा था, वो एवं उसके बाद की शासन-व्यवस्थाओं ने श्रीराम को धुंधलाने के षडयंत्र किये, जब उनके आकाओं ने क्या सोचा होगा? वे इस राष्ट की आस्थाओं को नष्ट कर देना चाहते थे, भारत की समृद्ध विरासत एवं संस्कृति को जमींदोज कर देना चाहते थे, बहुत नकारात्मक एवं कुटिल सोच थी उनकी कि आस्था-विहीन मनुष्य आसानी से गुलाम बन जाते हैं। यह बड़ा सच है कि हमारा राष्ट्र पराधीन हुआ, लेकिन हमारी आस्थाएं मरी नहीं थी, हमारा विश्वास काल-कवलित नहीं हुआ। आज के परिदृश्यों को देखते हुए कहा जा सकता है कि एक मायने में आक्रांता गलत साबित हुए, राष्ट्र-विरोधी एवं हिन्दू-विरोधी ताकते पस्त हुई। अयोध्या में लिखे गये स्वर्णिम इतिहास से यह साबित किया गया है कि भारतीयों की



आस्था, संघर्ष और विश्वास परम्परा को एक नया मुकाम दे दिया गया है। एक नये गणतंत्र का अभ्युदय हुआ है।राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हमारी उन सफलताओं की ओर इशारा करता है जो इतनी लंबी अवधि के दौरान अब जी-तोड़ प्रयासों के फलस्वरूप मिली है। यह पर्व इस वर्ष अधिक उमंग एवं उत्साह से इसलिये भरा है कि श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की अनूठी कहानी का यह साक्ष्यी बन रहा है, जहां आठ हजार लोगों की जो जनशक्ति उपस्थित थी, उसमें 140 करोड़ भारतीयों की मनीषा, जिजीविषा, धार्मिकता, रचनात्मकता, सृजनात्मकता, उद्यमशीलता की गवाह थी। हर क्षेत्र में नया इतिहास निर्मित करने वाली प्रतिभाएं एवं हस्तियां यहां मौजूद थी, जो प्रभु श्रीराम से शक्ति लेकर नया भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर हुई है। यह मन्दिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने को लेकर शुरु हुए संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिये कुछ नया करने, अद्भुत रचने, राष्ट्र-गौरव को निर्मित करने एवं अपनी आस्थाओं को बलशाली बनाने का पैगाम है।

श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन जहां त्याग की मूर्ति है, वहीं ऋषि मुनियों और जनसाधारण की रक्षा का संकल्प भी है। श्रीराम ने कष्टों और बाधाओं में भी उच्च जीवन मूल्यों को प्रतिस्थापित किया। उन्होंने जहां आदर्श-शासन व्यवस्था का सूत्रपात किया, वहीं आदर्श मानव चरित्र एवं जीवन को आकार दिया, यहीं जीवन मूल्य भारतीय जीवन शैली में आज भी व्याप्त है। तुलसीदासजी ने श्रीराम को एक आदर्श शासक पुरुष के रूप में चित्रित किया है, जिनमें करुणा, दया, क्षमा, सत्य, न्याय, साहस, सदाचार, धैर्य और नेतृत्व जैसे गुण समाहित है। वे एक आदर्श पुत्र, भाई, पति, राजा और मित्र हैं। 26 जनवरी भारतीय संविधान के लागू होने का दिवस है, तो 22 जनवरी महामानव, त्यागमूर्ति, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का अवसर। भारतीय संविधान के भाग तीन पर जहां हमारे मौलिक अधिकारों का उल्लेख है, भगवान श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मणजी का चित्र हैं, जो भारतीय जनमानस को इन आदर्श धर्म-राष्ट्रनायक के अनुरूप स्वयं को निर्मित करने की प्रेरणा देता है। हमने जिस संपूर्ण संविधान को स्वीकार किया है, उसमें कहा है कि हम एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, आस्थावादी लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यह सही है और इसके लिए सर्वप्रथम जिस इच्छा-शक्ति की आवश्यकता है, वह हमारी शासन-व्यवस्था एवं शासन नायकों में सर्वात्मना नजर आनी चाहिए और ऐसा होने लगा है तो यह सुखद अहसास है।

एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरु करे। अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। उनके दूसरे प्रधानमंत्री के कार्यकाल में सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, उसकी सार्थक ध्वनि है श्रीराम मन्दिर। जो भारत के लिये एक शुभ एवं श्रेयस्कर घटना है। राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है।

अयोध्या से पहले काशी में विश्वनाथ धाम का जो विकास हुआ है, उसे हमने देखा। मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए भारत में धर्मस्थलों और तीर्थों के विकास की किसी भी पहल की भी प्रशंसा होनी ही चाहिए। भारत के गणतंत्र में और भी चार-चांद लग रहे हैं, जैसे काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चौंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह मनाते हुए विशेष रूप से गौरवान्वित करेंगी।

भारत के संवैधानिक एवं संप्रभुता सम्पन्न राष्ट बनने की 74वीं वर्षगांठ मनाते हुए हम अब वास्तविक भारतीयता का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम प्रधानमंत्री के मुख से नये भारत-सशक्त भारत को आकार लेने के संकल्पों की बात सुनते हैं। गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाते हुए यही कामना है कि पुरुषार्थ के हाथों भाग्य बदलने का गहरा आत्मविश्वास सुरक्षा पाये। एक के लिए सब, सबके लिए एक की विकास गंगा प्रवहमान हो।

**साभार:** लेखक के अपने विचार हैं..

## आज का इतिहास

- 1666– फ्रांस ने इंग्लैड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1748– ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और सार्डिनिया ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1841– ब्रिटेन ने हांगकांग पर कब्जा किया।
- 1845– ब्रिटिश जनरल चार्ल्स गार्डन सूडान में मारे गये।
- 1905– दक्षिण अफ्रीका में हुयी खुदाई में दुनिया का सबसे बड़ा 3106 कैरेट का हीरा कलिनन मिला।
- 1556– मुगल बादशाह हुमायूं की सीढ़ियों से गिरने से मौत हो गई।
- 1930– ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया।
- 1931– 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी को रिहा किया गया।
- 1950– स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ और भारत को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। इसके बाद से इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।
- 1950– सी. गोपालाचारी ने भारत के अंतिम गवर्नर जनरल का पद छोड़ा और डा. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद संभाला।
- 1950– अशोक स्तंभ को राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के रूप में अपनाया गया।
- 1950– फेडरल कोर्ट ऑफ इंडिया को भारत का उच्चतम न्यायालय बनाया गया था, जिसकी स्थापना 1937 में हुई।
- 1957– जम्मू-कश्मीर को औपचारिक रूप से भारत का हिस्सा बनाया गया ।
- 1963– माथे पर मुकुट जैसी कलगी एवं खूबसूरत पंखों वाले मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया।
- 1972– दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय स्मारक अमर जवान ज्योति का अनावरण।
- 1981– वायुदूत विमान सेवा की शुरुआत।

**ग्राम इकलानी और बटकी की शालाओं में बच्चों का मध्याह्न भोजन फिर से हुआ शुरू**

# राशन वितरण में लापरवाही पर नाहरकोला कला और इकलानी की दुकानों को किया सस्पेंड

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम इकलानी की प्राथमिक और माध्यमिक शाला तथा ग्राम बटकी की प्राथमिक शाला में स्व सहायता समूह को राशन नहीं मिलने के कारण 171 बच्चों का स्कूल में मिलने वाला मध्यान भोजन भोजन बंद हो गया था। दैनिक दोपहर मेट्रो ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित की इसका असर यह हुआ कि एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर के निर्देश पर तीनों शालाओं में तुरंत भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

आदिवासी अंचल की ग्राम इकलानी की माध्यमिक शाला में 89 विद्यार्थी, प्राथमिक शाला में 38 और मूलत आदिवासी ग्राम बटकी की प्राथमिक शाला में 44 बच्चे हैं। इस तरह कुल 171 बच्चों के लिए सोसाइटी से राशन नहीं मिलने के कारण भोजन व्यवस्था बंद हो गई थी। स्व सहायता समूह संचालक उधारी में राशन की व्यवस्था कर रहा था और भोजन बनाकर बच्चों को खिलाता था किंतु पिछले 15 दिनों से दुकानदार ने उधारी में राशन देने से मना कर दिया जिसके कारण 171 बच्चों के लिए बनने वाला मध्यान्ह भोजन बंद हो गया। ग्राम इकलानी में आने वाली विकास यात्रा मे भी इस बात का शिकायती आवेदन दिया था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की।




### एसडीएम ने दिये जांच के आदेश

ग्राम इकलानी और बाटकी के 171 बच्चों को 15 दिनों से मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की जानकारी एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर को दी थी उन्होंने स्कूली बच्चों को तुरंत मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही राशन वितरण न करने पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### दो दुकान सस्पेंड की और प्रकरण की जांच जारी है, अनियमित सिद्ध होने पर की जाएगी वसूली

खाद्य अधिकारी एएस खान ने बताया कि नाहरकोला और इकलानी उचित मूल की दुकानों को अनियमितता के चलते सस्पेंड कर दिया गया है और इन दुकानों को बिल्धी और मालापाठ की दुकानों से संबंध्द कर दिया गया है। इसी के साथ राशन वितरण में निरंतरता बनी रहे उसकी व्यवस्था बनाई गई है उन्होंने बताया कि राशन वितरण में अनियमितता सिद्ध होने पर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ वसूली की जाएगी।

**पूर्व प्राचार्य द्वारा प्राचार्य को नहीं दिया जा रहा आहरण संवितरण अधिकारी का प्रभार**

# तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश को त्रुटि पूर्ण बता रहे हैं पूर्व प्राचार्य लोवंशी

**मामला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम का**



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन द्वारा दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को एक आदेश क्रमांक-1608 शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम को जारी कर निर्देशित किया गया कि व्याख्याता डॉ. प्रेमचंद नरवरे शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक संस्था प्रचार का प्रभाव सोते हुए मध्य प्रदेश बुक ऑफ फाइनेंशियल पावर 2012 के खंड-1 के सरल क्रमांक-1, 2 एवं 1.11 के अंतर्गत संस्था प्रमुख एवं आहरण संवितण अधिकारी घोषित करता है।

उक्त आदेश को दिए तीन महिने से भी अधिक का समय हो गया है.डॉक्टर प्रेमचंद नरवरे को प्राचार्य का प्रभार तो मिल गया लेकिन आज दिनांक तक उन्हें आहरण संवितरण अधिकारी का प्रभार पूर्व प्राचार्य आरएस लोवंशी द्वारा नहीं दिया गया।

श्री लोवंशी का कहना है कि यह जो आदेश शासन द्वारा जारी किया गया है. यह त्रुटि पूर्ण है. शासन के इस आदेश को लेकर हमारे द्वारा शासन को अवगत करा दिया गया है.

यहां सवाल उठता है कि मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा विभाग के उप सचिव अंजली जोसेफ द्वारा दिया गया आदेश क्या वाकई त्रुटि पूर्ण है? शासन में पदस्थ एक आईएएस अधिकारी द्वारा किया गया आदेश क्या त्रुटि पूर्ण हो सकता है. इसकी हकीकत तो मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग से ही पता चल सकती है। फिलहाल इस मामले को लेकर उपसचिव अंजली जोसेफ से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### शासन ने श्री लोवंशी के स्थान पर

दिनांक 6 अक्टूबर 2023 को पत्र क्रमांक 1608 जारी करते हुए मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याता डॉ. प्रेमचंद नरवरे को संस्था का प्राचार्य के प्रभार एवं संस्था प्रमुख एवं आहरण संवितरणअधिकारी घोषित किया था.पूर्व प्राचार्य आरएस लोवंशी द्वारा शासन के आदेश अनुसार डॉक्टर प्रेमचंद नरवरे को संस्था के प्राचार्य का तो प्रभार दे दिया है लेकिन आहरण संवितरण अधिकारी का प्रभार आज दिनांक तक नहीं दिया गया है.लोवंशी का कहना है कि डॉक्टर नरवरे एमओएम है. वह स्वशासी महाविद्यालय के अधिकारी नहीं हैं. इसीलिए उन्हें आहरण संविधान का प्रभार नहीं दिया जा सकता है इसके लिए मैंने शासन स्तर पर भी अवगत करा दिया गया है। यहां प्रश्न उठता है कि वर्ष 2015 में भी एम ओ एम व्याख्याता आरआर चंद्राकर को भी प्राचार्य के साथ-साथ आहरण संवितरण अधिकारी का भी प्रभार दिया गया था। जब चंद्राकर को आहरण संवितरण अधिकारी का प्रभार दिया जा सकता है तो इस स्तर के व्याख्याता डॉ. नरवरे को आहरण संवितरण का प्रभार क्यों नहीं दिया जा सकता है? यह गंभीर विचारणीय प्रश्न है.

### वर्ष 2015 में भी प्रभारी प्राचार्य को भी मिले थे आहरण संवितरण केअधिकार

वर्ष 2015 में जब शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज होशंगाबाद के प्रचार्य के रूप में एम ओ एम एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ आलोक यादव पदस्थ थे. उनका स्थानांतरण होने के बाद राज्य शासन द्वारा आदेश क्रमांक 1822 दिनांक 18/09/2015 जारी करते हुए कॉलेज के व्याख्याता आरआर चंद्राकर को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से प्रभारी प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख घोषित करते हुए आहरण संवितरण अधिकार के साथ ही प्रशासनिक अधिकार प्रदान किए थे। इसके बाद फिर एक आदेश के तहत नर्मदा पुरम शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रभार के लिए 03/08/2022 को पत्र क्रमांक-1451 जारी करते हुए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी के प्राचार्य आरएस लोवंशी को इटारसी के साथ-साथ शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय होशंगाबाद के लिए भी आहरण एवं संवितरण अधिकार प्रदान किए गए थे।

### इनका कहना है

*मुझे प्राचार्य लोवंशी जी द्वारा प्राचार्य का तो प्रभार दिया गया है लेकिन आहरण संवितरण अधिकारी का प्रभार आज दिनांक तक नहीं दिया गया है जबकि शासन द्वारा दिए गए आदेश में प्राचार्य के प्रभार के अलावा संस्था प्रमुख एवं आहरण संवितरण अधिकारी भी मुझे घोषित किया गया है.इसके लिए मैंने शासन को भी लिखित रूप में अवगत करा दिया हूं.*

**-डॉ. प्रेमचंद नरवरे**
*प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम*

*शासन द्वारा जो आदेश व्याख्याता डॉ.नरवरे को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सहित संस्था प्रमुख एवं आहरण संवितरण अधिकारी संबंधी आदेश दिया गया है. वह त्रुटि पूर्ण है इसके लिए मैंने शासन को अवगत करा दिया गया है और जिला कोषालय को भी अवगत करा दिया गया है.*

**-आर एस लोवंशी**, पूर्व प्राचार्य
*शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम*

# पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने इंडियन काफी हाउस का किया उद्घाटन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



जिला मुख्यालय स्थित महिला थाना के पास इंडियन काफी हाउस का उद्घाटन हुआ। पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, काफी हाउस के चेयरमैन के के राजा गोपालन द्वारा आईसीएच का उद्घाटन फीताकाट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय नाहतकर, डॉ मकसूद चिस्ती, काफी हाउस के सेक्रेटरी एम प्रकाशन, एस पी डॉ गुरकरन सिंह ,आर आई विजय शंकर दुबे के साथ नर्मदापुरम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# तीन गांव की 100 एकड़ में लगी चने की फसल हुई नष्ट

**चने की फसल में दाने आने के बाद फसल सुखी**



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम कुंडकला, हमीरपुर और भिलाडिया घाट के कई किसानों की 100 एकड़ से ज्यादा रकबे में लगी चने की फसल अचानक ही सूख जाने से नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि फूल आने के बाद चने की फसल में फल आने ही वाले थे कि अचानक दो दिन के अंदर सैकड़ो एकड़ जमीन में खड़ी चने की फसल सूख कर नष्ट हो गई।

किसानों ने चने की 202 वैरायटी बोई थी इसमें कुछ किसानों की फसल में फल बैठना शुरू हो गए थे और कुछ फूल पर ही थे कुल मिलाकर सभी फसल नष्ट हो गई। कुंडकला के राकेश यादव नामक किसान ने चार एकड़ भूमि पर गेहूं बोया है और 3 एकड़ भूमि पर चने की फसल बोई थी। किसान की तीन एकड़ में बोई चने की फसल नष्ट हो गई तब उसने कल्टीवेटर चलाकर खेत साफ कर लिया। यही स्थिति उन सभी किसानों की है जिनके खेतों में खड़ी चने की फसल सूखकर नष्ट हो गई। जब हमने इस संबंध में विभाग से जानकारी चाही तो अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद कृषि विभाग के उप संचालक राजीव यादव से चर्चा की तो उन्होंने बताया की फसल नष्ट होने की जानकारी हमारे संज्ञान में नहीं है यदि क्षेत्र में ऐसा हुआ है तो हम वैज्ञानिकों के साथ खेतों का दौरा कर किसानों को उचित सलाह देंगे।

# 95 महाविद्यालयीन छात्रों के बने निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस

**ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित**

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



कन्या महाविद्यालय कि छात्रों को आने-जाने और वाहन चलाने की सुविधा दिलाने के लिए निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के कैंप का आयोजन हुआ। जिला परिवहन विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 95 महाविद्यालय छात्रों के निशुल्क लाइसेंस बनाए गए।

कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश धुर्वे ने छात्राओं को बताया कि लाइसेंस बनने के बाद आप कानूनी दृष्टि से रोड पर वाहन चलाने के लिए अधिकृत हैं किंतु यातायात नियमों का पालन करना होगा। परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने छात्राओं से कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है कभी भी गुस्से में, उत्तेजित होकर अथवा जल्दबाजी में वाहन ना चलाएं। यही वे कारण है जिनसे दुर्घटनाएं होती है। वाहन शांत मन से और समझदारी से चलना चाहिए। इस शिविर के प्रभारी डॉ बाऊ पटेल द्वारा क्षेत्रिय परिवहन कार्यालय से आये सौरभ दीवान, सुरेन्द्र गौर और वीरेन्द्र राजपूत के सहयोग के लिए आभार माना। डा. बाऊ पटेल ने बताया कि जो छात्राएं लाइसेंस बनवाने के लिए रह गई है, इन शेष छात्रों के लिए भविष्य में शिविर लगाया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर और जागरूकता कार्यक्रम हुआ संपन्न

# दो विद्यालयों के छात्रों को पॉक्सो एक्ट एवं अन्य कानूनी जानकारी से कराया अवगत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एवं सचिव/जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार, मध्यस्थता के लाभ के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 23 जनवरी को केन्द्रीय विद्यालय नर्मदापुरम एवं दिनांक 24 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा 23 जनवरी को विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था तथा केन्द्रीय विद्यालय नर्मदापुरम द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में परीक्षा पे चर्चा विषय पर चित्रकलां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इसी क्रम में दिनांक 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।



उक्त दोनों विद्यालयों में विभिन्न स्कूलों के उपस्थित बच्चें एवं शिक्षकगण को जिला न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट द्वारा पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही बच्चों को गुड टच बेड टच, शिक्षा का अधिकार, आई.टी. एक्ट, मध्यस्थता के लाभ आदि विषयों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, न्यायाधीश महोदय द्वारा बच्चों को मोबाईल का उपयोग सर्तकता से उपयोग करने, सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट ना करने तथा किसी के द्वारा भेजे गये अनावश्यक लिंक को ना खोलने के संबंध में समझाईश दी गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एंव शिक्षकगण को चाईल्ड हेल्पलाईन नं0 1098, एवं निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु नालसा द्वारा संचालित टोल फ्री नं. 15100 के बारे में जानकारी दी गई एवं किसी भी प्रकार की कानूनी जानकारी एवं निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा लीगल एड डिफेंस काउंसल कार्यालय में संपर्क करने हेतु जानकारी प्रदान की गई।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यकम में जिला न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पॉक्सो, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नर्मदापुरम, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल नर्मदापुरम, केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य, एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित रहे।

### नायब तहसीलदार की गाड़ी से किसान ने बांधी थी भैंस फिर भी डरे में नहीं हो रहा सुधार

# तहसील में बगैर सेवा के नहीं हो रहे नामांतरण, सैकड़ों केस पेंडिंग, पहले भी लग चुके हैं भ्रष्टाचार के आरोप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



मुख्यमंत्री बदलने के बाद गड़बड़ी करने वालों पर सीएम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी विकासखंड के कई जिम्मेदारों के द्वारा अपने काम में बदलाव नहीं किया जा रहा है विधायक के द्वारा भी भ्रष्टाचार करने वालों को चेतावनी दी जा रही है फिर भी बिना सेवा के मेवा नहीं मिल मिल रही है नामांतरण के प्रकारों को लटकाने का काम किया जा रहा हैं। तहसील कार्यालय में तो बिना सेवा के आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है । नामांतरणों के आदेश करने के बदले में कई मंडलों में खर्चा पानी के नाम पर वसूली की जा रही है । जिनके द्वारा सेव नहीं की जाती है उनके प्रकरणों में कई तरह की कमियां है बताकर कई दिनों तक परेशान किया जाता है। शिकायत करने वालों के मामले निरस्त भी कर दिए जाते हैं। सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत भी बे असर होते हुए तहसील कार्यालय में नजर आ रही है। इन प्रकरणों में आदेश जारी नहीं हो रहे हैं जानकर भी अंजान बने हुए उनके सामने ही सब कुछ हो रहा है फिर भी अंजान बने हुए हैं।

सैकड़ो के पेंडिंग चल रहा है। इसके पीछे यही कारण बताया जा रहा है कि जिन प्रकरणों में पक्षकारों के द्वारा सेवा कर दी जाती उनमें तो आदेश जारी हो जाते हैं । जबकि नियम ऐसा है कि लोक सेवा के माध्यम से लगाए गए प्रकरणों को समय सीमा के अंदर जारी करना है उन प्रकारों में भी समय सीमा पर आदेश जारी नहीं हो रहा है होती नामांतरण जैसे मामलों में भी पीड़ितों और किसानों को परेशान किया जाता है।

## अभियान में भी नहीं हो रहा काम

सरकार के द्वारा नामांकन बटवारा फोती नामांतरण से लेकर जमीन से संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महा अभियान चलाया जा रहा इस अभियान में भी आदेश नहीं किया जा रहे हैं ।केवल अधिकांश प्रकरणों में सुनवाई करके अगली तारीख व कुछ ना कुछ कमी बताकर पक्षकारों को परेशान जरूर किया जा रहा है। जिसकी चर्चाएं किसानों से लेकर शहरी क्षेत्र में प्रॉपर्टी करने खरीदने वालों के द्वारा की जा रही है।

## शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के पक्ष कर भी हो रहे हैं परेशान

जमीन या प्लाट खरीदने वाले लोगों के नामांतरण के आदेश भी कई महीनो से नहीं किया और इसकी वजह से इन दोनों तहसील कार्यालय में नामांकन के प्रकरणों की फाइल के ढेर लगे हुए हैं । सेवा करने वाले पक्ष कारों के प्रकरणों में ही आदेश जारी होते हैं बाकी प्रकरण लटके हुए हैं तारीख पर तारीख देने का काम जरूर हो रहा है। जहां पर सेव नहीं होती है वहां आदेश करवाने के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर परेशान हो रहे हैं।

## किसान ने किया हंगामा तो फिर हो गया आदेश

तहसील कार्यालय में बंटवारे के प्रकरण में कई दिनों से यादव समाज के एक किस को तारीख पर तारीख देकर परेशान किया जा रहा था इसके बाद उसने कुछ दिन पहले ही तहसील कार्यालय में आदेश नहीं होने पर हंगामा किया फिर मामला तूल पकड़ता हुआ दिखाई तो संबंधित व्यक्ति के प्रकरण में आदेश करने की जिम्मेदारी लेने वाले व्यक्ति को आदेश करवाने के लिए तहसील कार्यालय में खर्चा पानी देना पड़ा तभी आदेश जारी हो पाया । सूत्र बताते हैं सेवा मिलने पर पुरानी तारीख में ही तहसील कार्यालय से आदेश भी जारी हो गया । इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है की तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार का खेल कितनी जोर से चल रहा है । हंगामा करने के बाद भी बगैर सेवा के आदेश जारी नहीं हुआ।

## नायब तहसील गाड़ी से बंध चुकी है भैंस

कुछ साल पहले बटवारे के प्रकरण में आदेश करने के बदले में मोटी रकम की मांग करने वाले नायब तहसीलदार की गाड़ी से किसान ने अपनी भैंस बांध दी थी इसके बाद मामला तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संबंधित नायब तहसीलदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मामला मीडिया में आने के बाद सरकार की भी किरकिरी हुई थी अधिकारियों की भी किरकिरी हुई थी किसान को जरूर न्याय मिल गया था उसी दिन आदेश जारी हो गया था। इसके बाद भी तहसील कार्यालय के रवैया में परिवर्तन हो गया था पर अब कुछ महीनो से उसी तरह तरह के हालात बने हुए हैं।

## बंटवारे के आदेशों में होती है वसूली

बगैर खर्चा पानी के आदेश संबंधित व्यक्ति को नहीं मिल पाता है किसी न किसी माध्यम से वसूली होती है तभी तहसील कार्यालय से आदेश जारी हो पाते हैं की चर्चाएं आम हो रही है। दूसरी ओर सबसे अधिक वसूली बंटवारे वाले प्रकरण में होती है इनमें सेवा करने वालों के बटवारे सीधे तहसील कार्यालय से ही हो जाते हैं और जिनके द्वारा बगैर सेवा के आदेश करवाने का प्रयास किया जाता है तो पहले उनको स्टैंप ड्यूटी जमा करवाई जाती है फिर कई तरह के बहाने करके उन्हें परेशान करने का काम भी किया जाता है शिकायत करने तथा सेव नहीं करने के कारण निरस्त भी कर दिया जाता है ऐसे कई मामले पहले भी सामने आ चुके और अभी भी चल रहे हैं।

## इनका कहना है

*तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार चरण सीमा पर है बगैर सेवा के सुनवाई नहीं होती है बंटवारे, फोती, नामांतरण में तो खुलेआम वसूली हो रही है। वसूली का खेल बंद नहीं हुआ तो जल्दी हम बड़ा प्रदर्शन करेंगे ।*

*सुरेंद्र रघुवंशी किसान नेता।*

*ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है यदि ऐसा कुछ है तो बताएं हम कार्रवाई करेंगे लगातार हम प्रकरणों में आदेश कर रहे हैं।*

*संजय चौरसिया तहसीलदार सिरोंज*

# 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजन का मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम

**विदिशा ।**14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर गुरूवार 25 जनवरी को जिले में विविध प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन शामिल होंगे।



14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विदिशा के रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक (ऑडिटोरियम) भवन में आयोजित कार्यक्रम की मिनिट टू मिनिट जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि, गुरुवार 25 जनवरी की प्रातः 11 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का आगमन, 11.05 बजे मंच पर आगमन, 11.10 बजे दीप प्रज्वलन, 11.15 बजे मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सूची अनुसार, 11.25 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वागत अभिभाषण, 11.30 बजे जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी का उद्बोधन, 11.35 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी का उद्बोधन, 11.40 बजे पुलिस अधीक्षक का उद्बोधन, 11.45 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मतदाताओं के नाम संदेश एवं शपथ, 11.50 बजे मुख्य अतिथि द्वारा युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करना, 11.55 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान करना, दोपहर 12 बजे राष्ट्रीगान तथा 12.05 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आभार उद्बोधन किया जाएगा। मंच का संचालन सीएम राइज स्कूल बरईपुरा की प्राचार्य डॉ दीप्ति शुक्ला के द्वारा किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**



बुधवार को कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी के निवास पर सागर लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें ब्लॉक अध्यक्षों , मंडलमअध्यक्षों तथा सेक्टर प्रभारियों की बैठक लोकसभा प्रभारी रामचंद्र दांगी ने लेते हुए कहा कि सभी लोग अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं हर व्यक्ति तक कांग्रेस पहुंच मजबूत हो उसके लिए संगठित होकर कार्य करें लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय बनाने का संकल्प भी उन्होंने दिलाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कटारे ने भी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र की बैठकर लेकर पार्टी की मजबूती के लिए कम करें पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर , पी पी नायक , टाटा कांग्रेस पार्टी के द्वारा विधानसभा चुनाव में बनाए गए प्रत्याशी करने रघुवंशी ने कहा कि जब तक हम लोग संगठित होकर और पार्टी की मजबूती के लिए धरातल पर काम नहीं करेंगे तब तक पहचान नहीं मिलेगी हम सब की पहचान कांग्रेस पार्टी का हर प्रत्याशी चुनाव जीत कर आएगा तभी बनेगी इसीलिए सभी लोग एक होकर कांग्रेस पार्टी के झंडे के नीचे एक दूसरे के सहयोग से कम करें पार्टी की हर गतिविधि की जानकारी कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता तक पहुंचाएं पहले कांग्रेस के द्वारा किए गए कामों को भी बताएं भाजपा के द्वारा जो किया जा रहा है दिखाए तथा भ्रष्टाचार से परेशान जनता को न्याय दिलाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। विधानसभा प्रभारी जफर सेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पूर्व मंत्री की जयंती पर भाजपाइयों ने गरीबों को कराया भोजन



**सिरोंज।** बुधवार को पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं तक नगर पालिका परिषद के द्वारा सिनेमा चौराहा तथा वृद्ध आश्रम पहुंचकर गरीबों को भोजन का वितरण करके उनका जन्म दिवस मनाते हुए कहा थी उन्होंने हमेशा गरीबों को कल्याण के लिए काम किया है आज हमारे बीच ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसकी कमी हमेशा हर व्यक्ति को खाल रहीं हैं क्योंकि उन्हें हमेशा अंतिम पंक्ति की व्यक्ति की चिंता करते हुए काम किया है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, मंडल महामंत्री सुमंत मित्तल, हरी बाबू भार्गव, हरिचरण अहिरवार आदि मौजूद थे।

## अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बने अभिषेक चौधरी



**सिरोंज।** अहिरवार समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश सूर्यवंशी के आदेश पर प्रदेशाध्यक्ष एम एल वर्मा विदिशा जिलाध्यक्ष बब्लू अहिरवार की अनुसंशा पर सामाजिक कार्यकर्ता एड अभिषेक चौधरी को अहिरवार समाज संघ युवा प्रकोष्ठ का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया है इस दौरान इनके इष्ट मित्रों द्वारा सोशल मीडिया एव व्यक्तिगत के बधाई शुभकामनाए दी।

### पत्रकार महासंघ ने किया वरिष्ठ अधिवक्ता व संघ के संरक्षक कपिल त्यागी का सम्मान

# जनता को सच दिखलाने की जिद में, अपनी फिक्र जो नहीं है करता वह पत्रकार कहलाता है: कपिल त्यागी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज पत्रकार महासंघ द्वारा संघ के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी एंव वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल त्यागी को दूसरी बार अधिवक्ता संघ का अध्यक्ष बनने पर संघ द्वारा उनका सम्मान व अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि में गौरवित हूं कि में सिरोंज पत्रकार महासंघ का संरक्षक हूं में इस दायित्व का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करता हूं। क्योकि पत्रकार समाज को न्याय दिलाने के लिए लडाई लडते है। इस लडाई में पत्रकारो को हर प्रकार की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। क्योकि पत्रकार जब अपनी लेखनी से न्याय दिलाने के लिए समाज के हित की बात करता है तो पत्रकार के सामने कई ऐसी परिस्थितिया आती है कि जिनमें उन्हे कई प्रकरणों में फसाया जाता है और उनकी लेखनी को रूकने का प्रयास किया जाता है। लेकिन इन सब परिस्थितियों के बाद भी एक पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की लडाई लडने में कभी पीछे नही हटठा। जैसे एक वकील न्यायालय में न्याय के लिए लडाई लडता है। वैसे ही पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से समाज की लडाई में महत्वपूर्ण योगदान देता है। वही उन्होने पत्रकारों के ऊपर एक कविता सुनते हुए कहा कि सरकार बनाने बिगाड़ने की बात है करता,सिस्टम सुधारने की दम है रखता,दीवानगी की हदों को पार है करता,कलम कैमरे से प्रहार है करता,कभी दंगो में कभी बलवो में,खबर पाने की फिक्र में,जनता को सच दिखलाने की जिद में,अपनी फिक्र जो नहीं है करता,धन से वंचित वह है रहता,सरस्वती की पूजा है करता,बुद्धिजीवी वह है कहलाता,अभावग्रस्त जीवन वह जीता,चौथे स्तम्भ की संज्ञा वो है पाता,सर्वनाम होकर रह जो जाता,पत्रकार वह है कहलाता।

## हमारे संघ के सरंक्षक का सम्मान करने में हम गौरंवित

सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव मप्र शासन के अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने कहा कि हमारे संघ के सरंक्षक एडवोकेट कपिल त्यागी दूसरी बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने है और इसलिए प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ होने के नाथे हमें उनका सम्मान करने में गर्व हो रहा है। एडवोकेट कपिल त्यागी ने हमेषा मीडिया का साथ दिया है। साथ ही समय समय पर मीडियाकर्मियो को रचनात्मक कार्य करने को लेकर प्रेरित किया है। वही वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान ने कहा कि हम तो गरीबो को न्याय दिलाने के लिए लडाई लडते है लेकिन सबसे बडी लडाई तो एक वकील न्यायालय में लडता है। वकील ही एक बेगुनहान को न्याय दिलाने के लिए हर परिस्थिति में गरीबों के साथ खडें रहकर अपना काम करता है। हमें गर्व है कि हम ऐसे वरिष्ठ अधिवक्ता का सम्मान कर रहें है जो गरीब व असहाय व्यक्तियों की मदद के लिए हमेषा आगे रहकर उन्हें न्याय दिलाने के लिए लडाई लडते है। श्री त्यागी हमेषा ही गरीबो की मदद के लिए तनमन से कार्य करते है। वही वरिष्ठ पत्रकार रजी खान ने कहा कि एक अधिवक्ता वह व्यक्ति है, जो किसी न्यायिक अधिकारी के समक्ष किसी व्यक्ति के पक्ष को रखने के लिए बहस करता है। अधिवक्ताओं का अपने मुवक्किलों के प्रति प्राथमिक कर्तव्य रहता है। उन्हें अपने ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में कार्य करना होता है और अपने ग्राहकों के कानूनी अधिकारों और हितों का परिश्रमपूर्वक प्रतिनिधित्व करना रहता है। अधिवक्ताओं को अपने ग्राहकों के प्रति उच्च स्तर की वफादारी, प्रतिबद्धता और गोपनीयता बनाए रखना पड़ता है।

## शॉल,श्रीफल,स्मृति चिन्ह और पगडी बांधकर किया सम्मान

सिरोंज पत्रकार महासंघ के सरंक्षक एडवोकेट कपिल त्यागी को अधिवक्ता का दूसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर पत्रकार महासंघ ने उनका सम्मान शॉल,श्रीफल,स्मृति चिन्ह भेंट कर पगडी बांधकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी, वरिष्ठ पत्रकार नसीम खांन, सलमान खान, अब्दुल अलीम, रजी खांन, षैलेन्द्र रघुवंषी, सुनील नगीना, प्रदीप प्रजापति, अरबाज खान, मेहफूज खान, मुस्तकीन खान, अमीर माविया, तबरेज खान, चेतन पंथी आदि पत्रकार मौजूद रहें। वही कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त सलमान खान द्वारा किया गया।

**मेट्रो एंकर** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास एवं स्कूल शिक्षा विभाग की हुई समन्वय बैठक

# फ्लोरोसिस बीमारी पर हो रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले की टास्क फोर्स बैठक में निर्णय

**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय फ्लोरोसिस से निवारण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत फ्लोरोसिस बीमारी को रायसेन जिले में रोकथाम एवं नियंत्रण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों से सहयोग प्राप्त किए जाने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महिला बाल विकास एवं स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से जिला स्तरीय समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में डॉ एमडी भारती जिला फ्लोरोसिस कंसलटेंट द्वारा रायसेन जिले में फ्लोराइड एवं फ्लोरोसिस बीमारी के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसमें बताया गया कि जिले में करीब 354 ग्राम फ्लोराइड से प्रभावित हैं। फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार स्कूलों एवं ग्रामीण के बच्चों का क्लोरोसिस परीक्षण किया जाता है, जो बच्चे फ्लोरोसिस से प्रभावित मिलते हैं उन्हें आवश्यक उपचार के रूप में कैल्शियम विटामिन सी एवं मल्टीविटामिन की दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। डॉ भारती ने अवगत कराया कि पीने वाले पानी में 1 पीपीएम से ज्यादा फ्लोराइड की मात्रा होती है तो फ्लोरोसिस बीमारी हो जाती है जिसमें डेंटल फ्लोरोसिस स्केलेटन फ्लोरोसिस एवं नॉन स्केलेटन फ्लोरोसिस बीमारी हो जाती है। फिलोसेस प्रभावित बच्चों को समय-समय पर कैल्शियम मल्टीविटामिन एवं विटामिन सी के साथ दूध दही एवं हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। जिससे कि फ्लोरोसिस बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि 354 फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में सभी आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराये एवं लोगों को फिलोजर बीमारी के प्रति जागरूक करें। बैठक में सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एसके मालवीय सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर यशपाल सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिखा सरागवी, जिला एपिडेमियोलॉजी डॉ कुलदीप कुमार एवं समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।


## मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग

**पर्यावास भवन खण्ड-1 प्रथम तल, भोपाल**

क्रमांक 1719 माअआ/भंडार/2023 भोपाल दिनांक 19/01/24

**(निष्प्रयोज्य सामग्री एवं ई-वेस्ट का विक्रय)**

कार्यालय मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, पर्यावास भवन भोपाल आयोग कार्यालय में रखे हुए विभिन्न पुरानी अनुपयोगी निष्प्रयोज्य सामग्री जो जहाँ एवं जैसी स्थिति में है 'ई-वेस्ट' एवं विभिन्न निष्प्रयोज्य सामग्री का विकय किया जाना है।

**1- निविदा निम्नलिखित 02 भागों में होगी-**

(i) कार्यालय की विभिन्न पुराने अनुपयोगी निष्प्रयोज्य सामग्री फर्नीचर आदि इसमें मुख्यत- सेंटर टेबल (कोप), सोफा, स्टीलटकी लकड़ी टेबल, अफिस कुर्सी, आफिस साईड रेक, फुटरेस्ट, रिव्हालविंग चेयर, प्लास्टिक कुसी, टी-पाट प्लास्टिक, घड़ी तथा पार्टीशन लकड़ी बैंच प्लाई बोर्ड लकड़ी व प्लास्टीक दरवाजे, लकड़ी अलमारी लकड़ी का डायस, रेलिंग पाईप, शिकायत पेटी एग्जास्टपोन का स्टेण्ड के कुलर टैंक, ट्यूब लाईट पट्टी ए.सी कंण्डेसर आदि पुरानी सामग्री शामिल है।

(ii) कार्यालय के विभिन्न पुराने अनुपयोगी निष्प्रयोज्य ई-वेस्ट इसमें मुख्यत-टीव्ही, वी सी आर फिज, ए.सी, कुलर, स्टेबलाइजर एग्जास्ट फेन वालफेन, रूम हिटर, वाटर कुलर वैक्यूम क्लिनर वाटर फिल्टर, फोटोकापीयर मशीन, एक्वागार्ड, केबल वायर टेलीफोन स्टूमेन्ट, शामिल है।

2 ई-वेस्ट का निपटान मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उनकी वेबसाईट http://mppcb.nic.in पर उल्लेखित नियमों एवं विनिमयों के अनुसार अनुपयोगी सामान को जमा एवं पृथक करना होगा।

3- अधिकृत पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदाएं दिनांक 31.01.2024 अपरान्ह दो बजे तक प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक खरीददार आयोग के कार्यालय में आकर कार्यालयीन समय में निष्प्रयो सामग्री का अवलोकन कर सकते है। निविदा प्रपत्र एवं श दिनांक 31.01.2024 अपरान्ह 'दो' बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदाए उसी दिन अपरान्ह 'तीन' बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा के नियम एवं शर्त आयोग के गोटिस बोर्ड पर देखी जा सकेगी या भण्डार शाखा से कार्यालयीन समय में निशुल्क प्राज की जा सकती है। आयोग की वेबसाईट www.hre.mp.gov.in पर भी इन्हें देखा जा सकता है।

**उप सचिव**

G-23334/23

# इंग्लैंड टीम के नए अंदाज का असल 'टेस्ट'



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

पिछले लगभग 2 सालों से टेस्ट मैचों को अलग अंदाज में खेलने वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम का असल टेस्ट भारतीय सरजमीं पर होने वाली टेस्ट सीरीज में होगा।आक्रामक कोच ब्रेडन मैकुलम ओर उसी शैली को पसंद करने वाले कप्तान बेन स्ट्रोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड टीम का सामना अब उस टीम से होगा,जिसको उसके मैदानों में हराना बेहद कठिन चुनौती कही जाती है।हाल ही में अफ्रीकी जमीन पर आखिरी टेस्ट मैच में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद अब टीम इंडिया का इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है।भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में कल यानी 25 जनवरी से खेला जायेगा।2023-25 टेस्ट चैंपियनशिप के नजरिए से यह सीरीज दोनों ही टीमों के लिए बेहद अहम रहने वाली है।एक ओर जहां टेस्ट चैंपियनशिप के अब तक हुए दोनों फायनल का हिस्सा रही टीम इंडिया का मकसद लगातार तीसरी बार यह मुकाम हासिल करना है,वहीं इंग्लैंड टीम का मिशन पहली बार फायनल में जगह बनाना रहेगा।भले ही सीरीज शुरू होने के ठीक पहले टीम इंडिया को सबसे ब?ा झटका विराट कोहली के रूप में लगा है।टीम के इस दिग्गज खिलाडी ने निजी कारणों से पहले 2 टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया है।वैसे तो घरेलू मैदान पर टीम इंडिया की ताकत किसी भी खिला?ी के कम होने से उतनी कमजोर नहीं होती है,लेकिन जब इस बार सामना अलग अंदाज में खेल रही इंग्लैंड टीम से होना है तो फिर कोहली के अनुभव की कमी निश्चिततौर पर पहले दो टेस्ट में नजर आ सकती है।यह देखना



दिलचस्प रहेगा कि उनकी जगह किसी युवा खिला?ी या फिर घरेलू सरजमीं के दिग्गज पुजारा जैसे अनुभवी मौका दिया जाता है।याब अगर हम इंग्लैंड टीम की बात करें तो टीम ने इस लंबे दौरे के लिए विशेषज्ञ फिरकी के रूप में जैक लीच, रेहान अहमद, टॉम हार्टले और शोएब बशीर के साथ आई है।हालांकि केवल लीच के पास ही भारतीय जमीन पर खेलने का अनुभव है,लेकिन अगर भारत फिरकी मददगार पिचें तैयार करता है तो इंग्लैंड टीम इनमें से किसी पर भी दांव खेल सकती है।टीम में दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज जो रूट भी फिरकी के रूप में अच्छे विकल्प हैं।भले ही वह नियमित फिरकी गेंदबाज नहीं हैं,लेकिन वह ब्रेकथ्रू देने में माहिर कहे जा सकते हैं।इस टीम में बल्लेबाजी और तेज गेंदबाजी के नजरिये से अनुभवी और जोशीले युवाओं का सही तालमेल भी है।भारत इंग्लैंड के बीच होने वाली इस सीरीज में टॉस की भूमिका कुछ हद तक तो बॉस वाली हो सकती है अगर विकेट 5 दिनों तक चलने वाले टेस्ट के अनुरूप बनाई जाती है।वहीं अगर टेस्ट मैच 3 या 4 दिनों वाले होते हैं तो फिर मैच की पहली पारी की बात ही निर्णायक रह सकती है।5 मैचों की टेस्ट सीरीज का फैसला क्या होगा यह तो वक्त ही बतायेगा,लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड टीम के नये अंदाज का असल टेस्ट भारतीय सरजमीं पर टीम इंडिया ही लेने वाली है।मतलब साफ है के दोनों टीमों के बीच होने वाली यह सीरीज बेहद रोमांचक होगी।

### भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की चुनौती

# लगातार दूसरी जीत हासिल करने उतरेंगी भारतीय टीम

**ब्लोमफोंटेन , एजेंसी**

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर-19 वनडे विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड की चुनौती का सामना करेगी। भारतीय टीम अपने कठिन मुकाबलों से पहले इस मैच में बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने कोशिश करेगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया, लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। भारतीय कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश- 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है।

भारत के पास बाएं हाथ के स्पिनर सौमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण पहले और दूसरे स्पैल के बीच में ब्रेक लेना पड़ा था और टीम प्रबंधन उनके पूरी तरह फिट रहने की दुआ कर रहा होगा।



### पिच रह सकती है धीमी

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में हालांकि उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

### दोनों टीमें

**भारत**

आदर्श सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), प्रियांशु मोलिया, अरावेली अवनीश (विकेटकीपर), सचिन धस, मुरुगन अभिषेक, राज लिम्बानी, सौम्य पांडे, नमन तिवारी, अंश गोसाई, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, रुद्र पटेल, प्रेम देवकर, मोहम्मद अमान, इनेश महाजन।

**आयरलैंड**

जॉर्डन नील, रयान हंटर (विकेटकीपर), गेविन रॉलस्टन, कियान हिल्टन, फिलिपस ले रॉक्स (कप्तान), स्कॉट मैकबेथ, जॉन मैकनेली, कार्सन मैकुलॉ, ओलिवर रिले, रूबेन विल्सन, मैथ्यू वेल्डन, डैनियल फोर्किन, मैकडारा कॉसग्रेव, हैरी डायर, फिन लुट्टन।

### इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट

# अक्षय सिंह की घातक गेंदबाजी, डीजीपी इलेवन क्वार्टर फाइनल में




**भोपाल।** अक्षय सिंह की सटीक गेंदबाजी से टीओआई ने 29वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेसर्र क्रकेट टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की है। दिन के दूसरे मैच में डीजीपी इलेवन ने पुलिस लाइन नेहरूनगर को 130 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में बुधवार को दैनिक भास्कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर के खेल में नौ विकेट पर मात्र 89 रन बना सकी। रोहिताश्वर मिश्रा 31 के अलावा कोई भी बल्लेबाज चल नहीं पाया। अक्षय सिंह ने 12 रन देकर छह विकेट लिए।बिजेंद्र ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। जवाब में टीओआई ने 17.5 ओवर में सात विकेट पर जरूरी रन बना लिए। अश्विन सोलंकी ने 3 विकेट लिए। रोहिताश्व मिश्रा को दो विकेट मिले।विक्रम अहिरवार के हिस्से एक विकेट आया। अक्षय सिंह मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और सौरभ आरएनटीयू वैल्यूएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें स्कोप ग्लोबल स्कल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सीतेश कुमार सिन्हा ने पुरस्कृत किया।



### मेट्रो बाजार

# शेयर बाजार कमजोर; सेंसेक्स 150 अंक टूटा, निफ्टी 21450 के नीचे



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों और आईटी शेयरों में बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान पर खुले। टेक महिंद्रा के कमजोर तिमाही नतीजों के बाद आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दिखी और इससे बाजार में नकारात्मक रुझान बना। सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सेंसेक्स 112 अंकों या 0.16त्न की गिरावट के साथ 70,947 अंकों पर कारोबार करता दिखता। दूसरी ओर,निफ्टी 34 अंकों या 0.16त्न की कमजोरी के साथ 21,419 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। ब्लूचिप कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर उम्मीद से कमतर तिमाही परिणामों के बाद 5.5त्न तक गिर गए। अन्य आईटी शेयरों में एचसीएलटेक, इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो के शेयर भी लाल निशान पर खुले।

## 16 साल के शीर्ष पर पहुंच सकता है सकल कर संग्रह

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार का सकल कर राजस्व 16 साल के शीर्ष पर रह सकता है। एसबीआई रिपोर्ट के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में इसके 11.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। 2024-25 में सकल कर राजस्व दो दशकों में सर्वाधिक रहने की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष में शुद्ध टैक्स बजट अनुमान से 80,000 करोड़ रुपये ज्यादा रह सकता है। गैर टैक्स राजस्व 50,000 करोड़ ज्यादा रहने की उम्मीद है। इस दौरान केंद्र का खर्च भी 60,000 करोड़ बढ़ सकता है। राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में कम होकर जीडीपी के अनुपात में 5.9 प्रतिशत रह सकता है। अंतरिम बजट में इसका लक्ष्य 5.5प्रतिशत हो सकता है।

### खेलो इण्डिया यूथ गेम्स

# तमिलनाडू में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य

**चैन्नेई।** खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2023 तमिलनाडू में मध्यप्रदेश के खिला?ियों ने षशानदार प्रदर्शन कर बॉक्सिंग खेल में 01 स्वर्ण, 02 रजत और 02 कांस्य, जिम्नास्टिक खेल में 01 कांस्य, मलखंब में 02 स्वर्ण, 01 रजत और 03 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्तिव किया।



बॉक्सिंग खिलाड़ी कु. अंजलि सिंह (57 किग्रा.) ने उत्राखंड की अंजलि कोरंगना को 0-5 स्कोर से परास्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही कु. खुशी सिंह (60 किग्रा) भारवर्ग में उत्तराखंड की कु. निकिता चंद को 5-0 से हराकर रजत पदक, प्रशांत खताना (80 किग्रा) भारवर्ग में 0-5 से हरियाणा के खिलाड़ी अरमन अहलावत को हराकर रजत पदक, आयुष यादव (75 किग्रा) और कु. मुस्कान (52 किग्रा) भारवर्ग में 01-01 कांस्य पदक अर्जित किया।

**जिम्नास्टिक में 01 कांस्य पदक:** जिम्नास्टिक खेल के खिलाड़ी कृष गुप्ता ने पेरलर बार स्पर्धा में 01 कांस्य पदक अर्जित किया। प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र के आर्यन देवांनंद और द्वितीय स्थान पर उत्तरप्रदेश के प्रणव मिश्रा रहे। मलखंब में मध्यप्रदेश को 02 स्वर्ण 01 रजत और 04 कांस्य सहित 07 पदक यातिन कोरी ने 01 स्वर्ण, 01 रजत और 01 कांस्य सहित अर्जित किये आल राउण्ड बालक स्पर्धा में देवेन्द्र पाटीदार को 1 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सिद्धि गुप्ता ने रोप मलखंब में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्रा और उत्तरप्रदेश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। टीम मलखंब में मध्यप्रदेश की टीम को बालक और बालिका दोनो ही वर्गों में 01-01 कास्य पदक प्राप्त हुआ।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# बाफ्टा विजेता फिलिप की 'चेन्नई स्टोरी' में काम करेंगी श्रुति, बनेगी जासूस

**साउथ** इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन कर रहे हैं। श्रुति हासन ने इस फिल्म में काम करने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है।

**'चेन्नई स्टोरी' में काम करने के लिए उत्साहित हैं श्रुति:** ये फिल्म भारत और यूके की साझेदारी में बन रही है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) यूके ग्लोबल स्क्रीन फंड फिल्म को सहयोग कर रहे हैं। 'चेन्नई स्टोरी' को लेकर श्रुति हासन ने कहा, 'मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत खुश हूं। इस फिल्म में चेन्नई की विविधता और विशिष्टता को दिखाया जाएगा, इसलिए यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'चेन्नई स्टोरी' के जरिए अपनी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'

**विवेक कालरा के साथ साझा करेंगी स्क्रीन:** बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन ने कहा, 'मैं 'चेन्नई स्टोरी फिल्म में श्रुति हासन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इस फिल्म में चेन्नई और कार्डिफ दोनों शहरों की सांस्कृतिक दिखाई जाएगी। बीएफआई के समर्थन से यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया सहयोग लाती है। रिपल वर्ल्ड पिक्चर्स के प्रोड्यूस और फाउंडर डोमिनिक राइट ने कहा, 'हम इस बात से बहुत खुश हैं कि साउथ की बहुप्रतिभाशाली अभिनेत्री श्रुति हासन बीएफआई इंस्टिट्यूट यूके और भारत सह-उत्पादन फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।



# भूमि पेडनेकर की ज्यादातर फिल्में फरवरी में ही क्यों होती हैं रिलीज?

**भूमि** पेडनेकर का नाम बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक है। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'भक्षक'को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभिनेत्री की ज्यादातर फिल्में फरवरी महीने में ही रिलीज होती हैं। वहीं, भूमि की आगामी फिल्म 'भक्षक' भी फरवरी के महीने में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस बीच अब अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनकी फिल्में फरवरी के महीने में ही क्यों रिलीज होती हैं?

भूमि पेडनेकर ने एक बातचीत में कहा, 'अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद से ही फरवरी का महीना मेरे लिए सबसे खास रहा है। मेरी पहली फिल्म 'दम लगा के हईशा' फरवरी में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से मुझे बहुत प्रशंसा और सम्मान मिला है। इस फिल्म ने मुझे इंडस्ट्री में एक अलग पहचान दिलाई है। तभी से मुझे यह महीना अपनी फिल्मों के रिलीज के लिए भाग्यशाली लगता है।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मेरी फिल्म 'बधाई दो' भी फरवरी महीने में रिलीज हुई थी। यह फिल्म न केवल मेरे करियर के लिए, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी गेम-चेंजिंग फिल्म साबित हुई। मेरी आगामी फिल्म 'भक्षक' भी फरवरी में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म भी दर्शकों को पसंद आएगी और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा कलेक्शन करने में सफल साबित होगी।' भूमि पेडनेकर की फिल्म की बात करें, तो 'भक्षक' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इस सीरीज का प्रीमियर नेटफ्लिक्स इंडिया पर होगा। यह रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जिसकी निर्माता गौरी खान और गौरव वर्मा हैं। फिल्म का निर्देशन पुलकित ने किया है। भूमि के अलावा इसमें संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्माताओं ने हाल ही में इस फिल्म का टीजर जारी किया, जिसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# अस्पताल के बाहर खड़े युवक को बोलेरो ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद इलाके में अस्पताल के बाहर खड़े एक युवक को बोलेरो ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन सिसोदिया (32) ग्राम पड़रिया थाना बिलखिरिया में रहते हैं और मजदूरी करते हैं।

उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 17 जनवरी को दोपहर के समय वह अपने भाई पप्पूलाल के साथ भांजी की डिलेवरी कराने के लिए मिसरोद स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचे थे। भांजी को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद दोनों भाई अस्पताल के बाहर खड़े थे, तभी मंडीदीप की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने पप्पूलाल को टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई। पप्पूलाल को तुरंत ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। फिलहाल अयोध्या नगर स्थित निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इलाज में व्यस्त होने के कारण अर्जुन मंगलवार को मिसरोद थाने पहुंचे और बोलेरो चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।



फाइल फोटो

# शराब के लिए रुपये नहीं देने पर दो लोगों से मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद इलाके में शराब के लिए रुपये नहीं देने पर एक युवक ने दो लोगों के साथ मारपीट कर दी। हमले में एक व्यक्ति को फ्रैक्चर आया है। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र रिछारिया संजय नगर में रहते हैं। मंगलवार दोपहर करीब बारह बजे हेमंत नामक युवक उनके पास पहुंचा और शराब के लिए पांच सौ रुपये देने की मांग की। जितेंद्र ने रुपये देने से इंकार किया तो हेमंत ने लोहे की पट्टी से उनके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान जितेंद्र के रिश्तेदार नितेश ने बीच-बचाव किया तो हेमंत ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। आसपास के लोगों पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। उसके बाद दोनों घायल थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल करवाया तो जितेंद्र को फ्रैक्चर निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।



# अरेरा हिल्स पुलिस ने स्कूल से लापता हुए आठ साल के बच्चे को तलाशा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स स्थित एक स्कूल से लापता हुए आठ साल के बच्चे को पुलिस ने कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद सकुशल तलाश कर परिजनों के हवाले किया है।

थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा ने बताया कि झरनेश्वर मंदिर के पास रहने वाले फरियादी ने बताया कि उनके मामा का आठ साल का बेटा उनके पास रहकर तीसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह हरि मजार के पास भीम नगर स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए निकला था, लेकिन शाम को पांच बच्चे छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटा। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालक की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। पुलिस टीम ने इलाके में सर्चिंग करने के बाद भीमनगर इलाके से ही बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक को तलाश में टीआई शर्मा के साथ ही एएसआई मुकेश बेडरे, छोटेलाल ओझा, सादिक खान, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र बघेल, आरक्षक रूपकिशोर और आशिफ खान की सराहनीय भूमिका रही।



फाइल फोटो

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा इलाके में आटो की टक्कर से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया, जबकि उसका साथी बच गया। पुलिस के मुताबिक रंजीत सेन (29) आचार्य नरेंद्रदेव नगर ऐशबाग में रहता है और कटारा हिल्स में सैलून की दुकान चलाता है। मंगलवार रात करीब पौने बारह बजे वह अपने दोस्त आशीष के साथ दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। गैस गोडाउन के पास कैलाश नगर मेन रोड पर एक आटो चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रंजीत को गंभीर चोट आई, जबकि आशीष को चोट नहीं लगी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




## छोटी बहन पर संदेह, परिजन का आरोप खाने में जहर मिलाकर की थी बहन ने बड़ी बहन की हत्या

# नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्वाल मोहल्ला रोशनपुरा में गत 26 नवंबर को हुई?महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की छोटी बहन पर संदेह व्यक्त करते हुए उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उक्त मामला मृतिका की मां की शिकायत पर दर्ज किया गया है। दरअसल, परिजन ने अपने बयान में बताया था कि मृतिका अपनी छोटी बहन को एक युवक से दूर रहने की हिदायत देती थी। यह बात छोटी बहन को पसंद नहीं थी और उसने अपनी ही बहन को खाने में जहर दे दिया। करीब पौने दो महीने चली जांच के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस बिसरा परीक्षण की रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।**

पुलिस के अनुसार गायत्री यादव पति धर्मेंद्र यादव (25) ग्वाल मोहल्ला, रोशनपुरा में रहती थी। उसकी शादी नजीराबाद में हुई थी। नवंबर महीने में वह अपने मायके आए हुई थी। उसका थायराइड बढ़ा हुआ था और वह थायराइड की दवाई खाती थी। गत 24 नवंबर को 11 बजे के आसपास उसने खाना खाया था। 4 बजे उसे घबराहट होने लगी। परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चला और दो दिन बाद 26 नवंबर की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मरने से पहले उसके बयान दर्ज किए थे। बयान में उसने बताया था कि उसकी छोटी बहन और उसकी अनबन होती थी।

### प्रेम प्रसंग का करती थी विरोध

गायत्री की छोटी बहन बुलबुल यादव का घर के सामने रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा?था। प्रेम प्रसंग की भनक परिजन को लग गई?थी। सभी लोग उसे युवक से दूर रहने की हिदायत देते थे। बुलबुल को उम्मीद थी कि बड़ी बहन गायत्री यादव उसकी मदद करेगी, लेकिन गायत्री बुलबुल का विरोध करने लगी और उस पर दबाव बनाने लगी कि युवक से दूरी बना लें।



### मौत के बाद कर ली शादी

गायत्री की मौत के कुछ दिन बाद ही बुलबुल ने सामने रहने वाले युवक से शादी कर ली थी। इससे परिजन का संदेह और बढ़ गया। पुलिस ने परिजन के बयान दर्ज किए थे। बयान में परिजन ने बुलबुल पर हत्या के आरोप लगाते हुए कहा?था कि बुलबुल ने ही बहन गायत्री को खाने में जहर मिलाकर खिलाया है। पीएम रिपोर्ट में भी गायत्री की मौत सस्पेक्टेड पाइजनिंग से होने की पुष्टि हुई?थी। अब पुलिस बिसरा परीक्षण रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस ने की कार्रवाई



फाइल फोटो

**भोपाल।** जहांगीराबाद इलाके में तेज आवाज में डीजे बजा रहे एक संचालक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात करीब आठ बजे सूचना मिली कि चिकलोद रोड स्थित बाल्मीकि मोहल्ले में एक व्यक्ति तेज आवाज में डीजे बजा रहा है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति डीजे वाहन में चार टाप बाक्स और दो बेस बाक्स लगाकर तेज आवाज में फिल्मी गाने बचाते मिला। वाहन चालक से पूछताछ पर उसने अपना नाम अनिल श्रवण बताया। डीजे बजाने की अनुमति मांगने पर अनिल ने बताया कि उसे एक कार्यक्रम में डीजे लेकर जाना था, इसलिए उसे चैक कर रहा था। इस पर पुलिस ने बगैर अनुमति सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में डीजे बजाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत केस दर्ज कर डीजी वाहन जब्त कर लिया।

**मेट्रो एंकर**

## गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी हुई पूरी

# उत्साह और उमंग से भरपूर रही फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में प्रात~ 9 बजे आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास लाल परेड मैदान पर किया गया। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने परेड एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान सातवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक रामचन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। हर्ष फायर के बीच पुलिस बैंड ने निरीक्षक सुनील कटारे के निर्देशन में %जन गण मन% की धुन बजाई। हर्ष फायर के बाद पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच आकर्षक संयुक्त परेड निकाली गई। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2020 बैच के अधिकारी खरगोन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने किया। परेड टू आईसी का दायित्व एसडीओपी बारासिवनी बालाघाट अभिषेक चौधरी ने निभाया। संयुक्त परेड में गुजरात रिजर्व पुलिस बल, अश्वारोही दल व श्वान दस्ते सहित 19 टुकड़ियां शामिल थीं। संयुक्त परेड के पश्चात विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं संस्कृति विभाग के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास किया गया।



26 जनवरी पर लाल परेड ग्राउंड में निकलने वाली झांकियां कृषि और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की झांकी तैयार होते हुए होती हुई

-फोटो निर्मल व्यास

### 11 झांकियां करेंगी परेड में होंगी शामिल

गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, जेल विभाग, निर्वाचन विभाग, पशुपालन विभाग, पर्यटन बोर्ड, मत्स्य विभाग, राज्य सहकारी संघ मर्यादित विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड विभाग और वन विभाग की झांकियां प्रतिभाग करेंगी।

### लाल परेड मैदान के आसपास बदला रहेगा ट्रैफिक

26 जनवरी को लाल परेड मैदान पर मुख्य कार्यक्रम के दौरान सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक आवश्यकतानुसार यातायात परिवर्तित रहेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में पहुंचने वाले अतिथियों, आगंतुकों के लिए प्रवेश और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

लाल पासधारी व्यक्ति सत्कार द्वार (गेट नंबर 1) से प्रवेश करेंगे और कांच गेट के सामने, सांस्कृतिक मंच के सामने वाहनों को पार्क करेंगे। पीला पासधारी व्यक्ति प्रबंध द्वार (गेट नंबर 6) से प्रवेश करेंगे और बैंड स्कूल के सामने वाहनों को पार्क करेंगे। हरा पासधारी व्यक्ति प्रबंध दवार (गेट नंबर 6) से प्रवेश करेंगे और मोतीलाल स्टेडियम में वाहनों को पार्क करेंगे।नीला पासधारी व्यक्ति विजय द्वार (गेट नंबर 3) से प्रवेश कर हार्स राइडिंग मैदान पर वाहनों को पार्क करेंगे।- आमजन गेट नंबर 3 प्रवेश द्वारा पुलिस पेट्रोल पंप के सामने एवं गेट नंबर 4 से प्रवेश करेंगे और अपने वाहनों को एमवीएम कालेज ग्राउंड पर पार्क करेंगे। इसी प्रकार गेट नंबर 5 केंटीन द्वारा प्रवेश करने वाले आमजन अपने वाहनों को क्षिप्रा भवन के पास पार्क करेंगे।

## यांत्रिक विभाग

क्र. 492/ यां. वि/ 2023-24 भोपाल दिनांक 23/01/24

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु लिफाऊा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारत एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_ 323642_2 | Repair and Maintenance of Raj Rajeshwari Park, Gautam Nagar wark 13 Zone 03 | 1,20,745 | 2,415 | 1,000 | MPUADD BUILDING ISSR 2021 | 60 दिवस |

1. Interested idders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in .
2. Teh Bid Documents can e purchased onlya online from 10:30 AM 23/012024 to 17:30 P.M 06/02/2024.
3. Amendments to NIT, if any, woule e pulished on website https://www.mptenders.gov.in Only and not newspaper.

**The initial Period of 5 (FIVE) Year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)**

नि. क्र. 1461/023/024

**Shubham Verma**
**सहायक यंत्री**




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022